NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 78 लखनऊ, शनिवार 08 नवंबर 2025 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## बिहार को चाहिए सुशासन, कट्टा सरकार नहींय मोदी ने गिनाई राम मंदिर, 370 की उपलब्धियां

एजेंसी।

पटना बिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औरंगाबाद रैली में विपक्षी महागठबंधन को शकट्टा सरकारश कहकर निशाना साधा, आरोप लगाया कि शजंगल राजश से बिहार में निवेश और रोजगार खतरे में है। उन्होंने राजद पर कांग्रेस से मुख्यमंत्री की उम्मीदवारी शकनपटी पर कट्टा रखकरश छीनने और उसे ऐसी सीटें देने का आरोप लगाया जिन्हें वह 35–40 साल से जीत नहीं पाई। मोदी ने एनडीए के मजबूत इरादों और सुशासन की वापसी का दावा करते हुए मतदाताओं से नरेंद्र–नीतीश के ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि शजंगल राजश वालों के पास वो सब कुछ है जो राज्य में निवेश और नौकरियों को खतरे में डालता है। औरंगाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की जनता शकट्टा सरकारश नहीं चाहती। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आरजेडी वाले सत्ता के लिए किसी को भी धोखा दे सकते हैं। औरंगाबाद इसका सबसे बड़ा साक्षी है। यहां जो कुछ हुआ, उसे पूरा



बिहार देख चुका है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष का आरजेडी ने अपमान किया। आरजेडी ने कांग्रेस को वही सीटें दीं, जिन्हें वो पिछले 35द्4० वर्षों से जीत नहीं पाई है। आरजेडी ने कांग्रेस के कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री की उम्मीदवारी छीन ली। जो लोग अपने साथियों को धोखा दे सकते हैं, क्या वो बिहार की जनता के सगे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि मोदी ने कहा था, राम मंदिर बनेगा, और डंके की चोट पर राम मंदिर बन गया। मोदी ने वादा किया था, अनुच्छेद 370 की दीवार गिरेगी, और अनुच्छेद 370 हट गया। मोदी ने बिहार की इसी धरती से कहा था कि पहलगाम हमले का बदला लिया जाएगा, और फिर देश ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को तबाह होते हुए देखा।बिहार के दक्षिण में स्थित औरंगाबाद जिला उन 20 जिलों में से एक है जहाँ राज्य विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होना है। इस जिले में छह विधानसभा क्षेत्र हैंरू गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (सु), औरंगाबाद और रफीगंज। औरंगाबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ष्यहाँ तक कि कांग्रेस को भी उनके (राजद) वादों पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस राजद के घोषणापत्र की बात तक नहीं करती। बिहार ने राजद के झूठ के पुलिंदे को भी नकार दिया है। महागठबंधन में कथित दरार को लेकर अटकलें तेज हैं। हालाँकि कांग्रेस सहित गठबंधन के सभी सहयोगी दलों ने ऐसे दावों का खंडन किया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दावा किया था कि चुनाव की तैयारियों के दौरान बातचीत के दौर में कांग्रेस की आपत्तियों के बावजूद राजद ने ष्जबरनष कांग्रेस से मुख्यमंत्री पद छीन लिया। पीएम मोदी ने कहा, षबिहार के मतदाता नरेंद्र–नीतीश के ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा करते हैं और हमारे मजबूत इरादों का समर्थन करते हैं। पहले चरण के मतदान से यह पुष्टि हो गई है, शफिर एक बार, एनडीए सरकार...बिहार में फिर से सुशासन सरकार।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर बोले सीएम योगी

संवाददाता। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि इस गीत ने आजादी की लड़ाई के दौरान देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आजादी के आंदोलन का मंत्र बने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर पीएम मोदी ने इस दिवस को स्मृति दिवस के रूप में आयोजित करने के लिए देशवासियों को नई प्रेरणा दी। सीएम ने कहा कि वन्दे मातरम् भारत की आजादी का अमर मंत्र बन गया था। उस दौरान विदेशी हुकूमत के द्वारा दी जाने वाली अनेक यातनाओं, प्रताड़नाओं की परवाह किए बिना भारत का हर नागरिक (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, क्रांतिकारी) वन्दे मातरम् गीत के साथ गांव, नगर, प्रभातफेरी के माध्यम से भारत की सामूहिक चेतना के जागरण के अभियान से जुड़ चुका था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। इस दौरान राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ और स्वदेशी का संकल्प भी लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लोकभवन में उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा।

## स्पर्श हिमालयन महोत्सव 2025- अन्तरराष्ट्रीय साहित्य, संस्कृति एवं कला समारोह में सुभारती विश्वविद्यालय की उत्कर्ष प्रस्तुति





विजडम इंडिया रिपोर्ट । विशेष संवाददाता, देहरादून

देहरादून, गाँव थानों में चल रहे स्पर्श हिमालयन महोत्सव 2025 के अंतर्गत तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी का कल भव्य समापन हुआ। इस प्रदर्शनी में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून के डॉ. मुक्ति भटनागर स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया।

इस तीन दिवसीय कला उत्सव में सुभारती विश्वविद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट चित्रकला, रेखांकन और सृजनात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से हिमालय और गंगा की अनोखी भाव–भंगिमाओं को सजीव कर दिया। प्रदर्शनी स्थल "चित्रों का महासागर" बन गया, जहाँ सुभारती के कलाकारों की रचनात्मकता ने सबका ध्यान आकर्षित किया।

विभागाध्यक्ष श्री संतोष कुमार ने 'गंगा' विषय पर बनाए अपने भव्य चित्रों से प्रदर्शनी को विशेष पहचान दी। वहीं, विश्वविद्यालय के उभरते कलाकार आयुष कुमार ने देहरादून की रजत जयंती सांस्कृतिक श्रृंखला के अंतर्गत फाइन आर्ट्स एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स की संयुक्त प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया।

'रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन ने विशेष सम्मानित अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समापन समारोह में उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा–

"कला केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि संस्कृति और संवेदना का संगम है। सुभारती विश्वविद्यालय का उद्देश्य यही है कि हमारे विद्यार्थी अपने कौशल और सृजन से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। इस प्रदर्शनी में हमारे विद्यार्थियों ने जिस तरह हिमालय और गंगा के सौंदर्य को जीवंत किया है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है।"

डॉ. ऐरन ने आगे कहा कि "रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय" आज देशभर में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और सामाजिक चेतना से जुड़ी पहल के लिए जाना जाता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, कला–संवेदना और रचनात्मक स्वतंत्रता का भी वातावरण प्रदान करता है।

डॉ. मुक्ति भटनागर स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर डॉ. ऐरन के मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त किया। समापन के साथ ही देहरादून के इस स्पर्श हिमालयन महोत्सव में सुभारती विश्वविद्यालय ने अपनी कला–संवेदना की गूंज छोड़ दी, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।





## अमित शाह का आरजेडी पर वार लालू के बेटे जीतें तो खुलेगा अपहरण विभाग, बिहार में होगा जंगल राज!

एजेंसी।

बिहार पटना। अमित शाह ने जमुई में बिहार चुनाव को संबोधित करते हुए मतदाताओं को कमल या तीर से भटकने पर जंगल राज की वापसी की चेतावनी दी। उन्होंने एनडीए को चारों विधानसभा सीटों पर जीत दिलाने का आग्रह करते हुए विकास और नक्सल मुक्त बिहार के प्रयासों पर जोर दिया, साथ ही लालू–राहुल की पार्टियों पर पहले चरण में सफाया होने का दावा किया।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत पर विश्वास जताया और लोगों को आगाह किया कि अगर लोग 11 नवंबर को होने वाले बिहार चुनाव के दूसरे चरण में कमल (भाजपा पार्टी का चुनाव चिन्ह) या तीर (जदयू पार्टी का चुनाव चिन्ह) दबाने से भटके तो कुख्यात जंगल राज की वापसी हो सकती है। बिहार के जमुई में शाह ने लोगों से कहा कि अगर आप जरा सी भी चूक करते हैं और कमल या तीर के निशान से थोड़ा भी भटकते हैं, तो जंगल राज एक बार फिर लौट आएगा। क्या जमुई जंगल राज चाहता है?केंद्रीय मंत्री शाह ने जमुई जिले में एक जनसभा को संबोधित किया, जहाँ



11 नवंबर को दूसरे चरण के मतदान होने हैं। जमुई जिले में चार विधानसभा क्षेत्र हैं और शाह ने लोगों से ष्चारों सीटें एनडीए के खाते में डालनेष का आग्रह किया। बिहार में एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार की पहल की सराहना करते हुए, शाह ने ष्भारत को नक्सल मुक्तष बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे जमुई सहित विभिन्न जिलों में शांतिपूर्वक मतदान हो सकता है, जो पहले एक नक्सल–प्रधान क्षेत्र था।अमित शाह ने कहा, ष्इस नक्सली इलाके में लगभग 150 नक्सलियों ने धनबाद पटना एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई थी। यह इलाका पूरी तरह से नक्सलियों के कब्जे में था, लेकिन इस इलाके को नक्सल मुक्त बनाना प्रधानमंत्री मोदी का काम है। पहले लोग दोपहर 3 बजे तक ही वोट कर सकते थे, लेकिन अब हम लोग शाम 5 बजे तक वोट कर सकते हैं।ष लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आया तो वह एक नया विभाग अपहरण खोलेगा।उन्होंने कहा कि अगर हम जीतते हैं, तो बिहार को बाढ़ मुक्त बनाने के लिए एक नया विभाग बनाएंगे। अगर लालू के बेटे जीतते हैं, तो वह शअपहरणश (अपहरण) के लिए एक नया विभाग खोलेंगे... पिछले 10 सालों में, प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में सड़कों, पुलों, इथेनॉल कारखानों और चीनी कारखानों का बुनियादी ढांचा तैयार किया है। अगले पाँच साल पूरी तरह से विकसित राज्य पर केंद्रित होंगे... हम राज्य में शजंगल राजश को वापस नहीं आने देंगे,। 6 नवंबर को संपन्न हुए बिहार चुनाव के पहले चरण के बारे में बात करते हुए, शाह ने कहा कि ष्लालू–राहुलष की पार्टियों, यानी कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का पहले चरण के चुनाव में सफाया हो गया है, और जमुई में भी ऐसा ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल ही पहले चरण का चुनाव संपन्न हुआ। लालू–राहुल की पार्टी का सफाया हो गया है। जमुई में उनका खाता भी नहीं खुलना चाहिए। यहाँ की चारों सीटें एनडीए के खाते में जानी चाहिए।

## मुलाकात के बाद अखिलेश ने आजम खान को लेकर किया भावुक पोस्ट

संवाददाता।

लखनऊ। अखिलेश यादव आजम खान से मिलने रामपुर गए थे और बाद में कहा था कि अगर समाजवादी पार्टी सत्ता में लौटती है, तो खान और उनके जैसे अन्य लोगों के खिलाफ सभी झूठे मामले वापस ले लिए जाएंगे।समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ अपने रिश्ते को राजनीति से परे बताते हुए इसे आधी सदी से भी ज़्यादा पुराना पारिवारिक संबंध बताया। खान ने लखनऊ स्थित अखिलेश यादव के आवास पर उनसे मुलाकात के बाद पीटीआई–वीडियो से कहा, इस घर से मेरा रिश्ता आधी सदी यानी 50 साल पुराना है। इसे कमजोर होने में वर्षों लगेंगे और टूटने में सदियां। मेरे पास भले ही सदियां न बची हों लेकिन यह रिश्ता अगली पीढ़ी के साथ बना रहेगा।उन्होंने कहा, यह एक ऐसा रिश्ता है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जाता है। अगर कभी इस पर थोड़ी सी भी जंग लग जाती है, तो मैं इसे खुद साफ कर देता हूं। किसी और की जरूरत नहीं होती।समाजवादी पार्टी के साथ अपने निरंतर जुड़ाव पर जोर देते हुए खान ने कहा, हमने जीवन में पहले ही बहुत दर्द और अन्याय सहा है। इससे ज्यादा शायद ही कुछ हो। इतना सब कुछ सहने के बाद अब हम अलग क्यों हों? इस बैठक में अपने पिता आजम खान के साथ शामिल हुए पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने कहा, हम एक परिवार हैं। चर्चा पूरी तरह से पारिवारिक थी, राजनीतिक नहीं। परिवारों में जो बातें होती हैं उन पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं की जानी चाहिए।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक भावुक पोस्ट में कहा, न जाने कितनी यादें संग ले आए जब वो आज हमारे घर पर आए! ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। हाल ही में ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि अखिलेश यादव के साथ कथित मतभेदों के चलते खान समाजवादी पार्टी छोड़ सकते हैं।हालांकि खान ने ऐसा कोई भी कदम उठाने से



साफ इनकार किया है। शुक्रवार की मुलाकात एक महीने में दोनों नेताओं के बीच दूसरी मुलाकात थी। इससे पहले आठ अक्टूबर को अखिलेश यादव आजम खान से मिलने रामपुर गए थे और बाद में कहा था कि अगर समाजवादी पार्टी सत्ता में लौटती है, तो खान और उनके जैसे अन्य लोगों के खिलाफ सभी झूठे मामले वापस ले लिए जाएंगे। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और पार्टी के दिवंगत संरक्षक मुलायम सिंह यादव के करीबी सहयोगी रहे आजम खां जमीन हड़पने, धमकी देने और बकरी चोरी सहित कई आपराधिक मामलों में लगभग दो साल जेल में बिताने के बाद हाल ही में जेल से रिहा हुए हैं।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 08 नवंबर 2025
sheelshukla100@gmail.com


# रीजेंसी हास्पिटल लखनऊने राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस पर जल्दी पहचान और रोकथाम पर दिया जोर

## शैक्षिक कार्यक्रमों और स्क्रीनिंग पहलों के जरिए हास्पिटल का लक्ष्य जागरूकता को स्वस्थ भविष्य के लिए सार्थक करना है।

लखनऊलखनऊ (आरएनएस) राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में प्रमुख मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ ने कैंसर के खतरे को कम करने के लिए लाइफस्टाइल संबंधित रोकथाम और जल्दी पहचान को ज्यादा प्रभावी रणनीति के रूप में फोकस किया। इस पहल के जरिए लोगों को यह बताने की कोशिश की गई कि कैसे स्वस्थ आदतों, नियमित जांच, और समय पर मेडिकल देखभाल से कैंसर के पनपने के खतरे को कम किया जा सकता है और लॉन्ग टर्म में परिणामों को बेहतर किया जा सकता है। विश्व स्तर पर कैंसर मार्टिलिटी का सबसे बड़ा कारण है वहीं भारत में कैंसर मोर्बिडिटी का सबसे बड़ा कारण बना हुआ है। 2024 में ही भारत में 1.56 मिलियन नए कैंसर केस सामने आए और 874,404 मौतें हुईं। हालांकि इनमें से बहुत सारे केसों को साधारण से लाइफस्टाइल बदलावों से टाला जा सकता था। इसी चीज को पहचानते हुए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ स्वस्थ जीवन, संतुलित खानपान, नियमित एक्सरसाइज, तंबाकू छोड़ने, बहुत ज्यादा शराब न पीने और तनाव का सही मैनेजमेंट करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है। इसके अलावा हॉस्पिटल आधुनिक जांच और इलाज सुविधा भी प्रदान करता है ताकि लोग अपनी सेहत के बारे में सही और सूचित निर्णय ले सकें। रीजेंसी हॉस्पिटल्स लखनऊ के इंटरनल मेडिसिन कंसल्टेंट डॉ डी पी सिंह ने इस मौके पर कहा, "रोकथाम अब एक विकल्प नहीं रह गया है बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी हो गई है। रिसर्च बताते हैं कि लगभग एक तिहाई कैंसर केसों को साधारण और लगातार लाइफस्टाइल बदलावों से रोका जा सकता है। चुनौती अब जानकारी की कमी नहीं रह गई है बल्कि अब जागरूकता फैलाकर उसे रोजमर्रा के जीवन में अमल लाना चुनौती बन गया है। जल्दी जांच और सही निर्णय से कैंसर के शारीरिक, भावनात्मक तथा आर्थिक बोझ को कम किया जा सकता है। हमारा कर्तव्य एक हेल्थकेयर प्रोवाइडर के रूप में उदाहरण के तौर पर लोगों को शिक्षित, प्रोत्साहित और मरीजों को सशक्त बनाना है और उन्हें अपने कल्याण तथा स्वास्थ्य के लिए आगे आकर जिम्मेदारी लेना और बदलाव लाने के लिए मजबूत बनाना है।" इस पहल के जरिए रीजेंसी हॉस्पिटल लखनऊ जागरूकता को ठोस कार्रवाई में बदलकर एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। हॉस्पिटल आउटरीच कार्यक्रम, शैक्षिक सत्र और समय–समय पर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित करता रहता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तियों और परिवारों को समय पर हस्तक्षेप और रोकथाम के लिए सही जानकारी और डॉक्टरी मदद प्राप्त हो। रीजेंसी हॉस्पिटल्स के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल लगभग 30 सालों की विश्वसनीय सेवा के साथ उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख टेरियरी केयर प्रोवाइडर बना हुए है। एडवांस्ड मेडिकल टेक्नोलॉजी और करुणामयी देखभाल के मेल के लिए मशहूर रीजेंसी उत्तर प्रदेश भर में मल्टी–सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल्स का संचालन करता है। इस चेन का मिशन विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा को सभी के लिए उपलब्ध करानाष है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई 81 शिकायतें, महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश



लखनऊ(आरएनएस )।नगर निगम लखनऊ मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में शुक्रवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने की, जबकि संचालन नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर नगर निगम के सभी आठ जोनों के अधिकारी, कर अधीक्षक, सेनेटरी अधिकारी, जलकल विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों का एक ही मंच पर त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में कर निर्धारण, जलापूर्ति, मार्ग प्रकाश, सफाई व्यवस्था, सीवर और ड्रेनेज जैसी शहरी सुविधाओं से संबंधित शिकायतों को सुना गया। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए और निस्तारण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस प्रशासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे नागरिकों का विश्वास प्रशासनिक व्यवस्था में और सुदृढ़ होता है।कार्यक्रम के दौरान कुल 81 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें नगर निगम के विभिन्न जोनों से 68 आपत्तियाँ और जलकल विभाग से 13 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें अधिकतर मामलों को ऑन–द–स्पॉट निस्तारण के लिए चिन्हित किया गया। जोन–1 से 13, जोन–2 से 15, जोन–3 से 7, जोन–4 से 6, जोन–5 से 3, जोन–6 से 10, जोन–7 से 11 और जोन–8 से 3 शिकायतें प्राप्त हुईं।संपूर्ण समाधान दिवस में संपत्ति कर से संबंधित कई महत्वपूर्ण मामलों का निस्तारण भी किया गया। अलीगंज सेक्टर–ए की नसरीन हैदर की संपत्ति का वार्षिक मूल्यांकन ध77112 से घटाकर ध27000 किया गया। नटखेड़ा वार्ड की राजकुमारी के मामले में मूल्यांकन ध14400 से घटाकर ध10125 किया गया। खरिका–प्रथम वार्ड के राम तीरथ चौधरी की संपत्ति का मूल्यांकन ध16200 से घटाकर ध14400 किया गया। इंदिरा नगर सेक्टर–19 के मनीष मित्तल की संपत्ति का मूल्यांकन ध64638 से घटाकर ध58320 किया गया, जबकि अलीगंज सेक्टर–ए की फातिमा जहरा के मामले में भी मूल्यांकन ध77112 से घटाकर ध27000 निर्धारित किया गया।महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही या देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है, और इसके लिए सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में उत्तरदायित्वपूर्वक कार्य करें।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर व्यवहारिक सुधार की दिशा में ठोस कदम होना चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम की टीम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

# स्टेला मैरीज स्कूल के पास दर्दनाक सड़क हादसा 11वीं के छात्र की मौत, एक घायल

लखनऊ(आरएनएस )।राजधानी लखनऊ में शुक्रवार सुबह स्टेला मैरीज इंटर कॉलेज, आशियाना के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में कक्षा 11वीं के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों छात्र बुलेट मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे, तभी उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी बस से जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।घटना आज दिनांक 07 नवम्बर 2025 की सुबह लगभग 7 बजे की है, जब थाना आशियाना पुलिस को सूचना मिली कि स्टेला मैरीज इंटर कॉलेज के पास एक बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी बस से टकरा गई है, जिसमें दो युवक घायल हो गए हैं। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और स्टेला मैरीज स्कूल प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों घायल छात्र विद्यालय के ही कक्षा 11वीं में अध्ययनरत थे।घटना में शामिल छात्रों की पहचान वैभव कुमार झा (उम्र लगभग 17 वर्ष, पुत्र संतोष कुमार झा, निवासी मधुवन नगर, चौड़ी सड़क, थाना आलमबाग, लखनऊ) और शाश्वत देव गौतम (उम्र लगभग 17 वर्ष, पुत्र सुजीत कुमार गौतम, निवासी सरयू सदन, गोपालपुरी, थाना आलमबाग, लखनऊ) के रूप में हुई है। दोनों छात्र प्रतिदिन बुलेट मोटरसाइकिल से स्कूल आते थे। शुक्रवार सुबह जब वे स्कूल पहुंचने ही वाले थे, तभी स्टेला मैरीज इंटर कॉलेज के निकट अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों छात्र बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कूल प्रशासन के सहयोग से दोनों को तत्काल लोकबन्धु अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने वैभव कुमार झा को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरा छात्र शाश्वत देव गौतम को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।घटना के बाद स्टेला मैरीज स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने वैभव कुमार झा के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस दर्दनाक हादसे पर संवेदना व्यक्त करते हुए स्कूल क्षेत्र में खड़ी बसों के प्रबंधन को लेकर चिंता जताई है।

# बिहार में परिवर्तन की लहर अखिलेश यादव बोले अबकी बार तेजस्वी सरकार, भाजपा का पलायन तय




लखनऊ (आरएनएस )समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बिहार में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में दो विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। पहली सभा औरंगाबाद जिले के रफीगंज में प्रत्याशी गुलाम शाहिद के पक्ष में तथा दूसरी सभा रोहतास जिले के नोखा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी अनीता देवी के पक्ष में आयोजित हुई, जहां भारी जनसमूह उमड़ा।अखिलेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में परिवर्तन की बयार बह रही है। यह चुनाव बदलाव का चुनाव है। पहले चरण के मतदान के बाद ही जनता ने सरकार बदलने का मन बना लिया है। नौजवानों, किसानों और महिलाओं ने मिलकर नया बिहार बनाने और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जब बिहार में सरकार बदलेगी, तभी बिहार बदलेगा और नौजवानों को अपने ही राज्य में रोजगार मिलेगा।पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के एजेंडे में नौकरी, रोजगार और विकास नहीं है, बल्कि झूठे वादे और नफरत फैलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर साल दो करोड़ नौकरियों और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। दिल्ली की सरकार बने 11 साल हो गए, फिर भी भाजपा महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं बोलती।अखिलेश यादव ने कहा कि जब तेजस्वी यादव ने नौजवानों को नौकरी देने की पहल की तो भाजपा डर गई और षड्यंत्र करके सरकार गिरा दी। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता भाजपा के इरादों को अच्छी तरह समझ चुकी है। भाजपा ने कभी अपने दम पर बिहार में सरकार नहीं बनाई और अब वह एक ष्चुनावी दूल्हाष को आगे कर पीछे से राजनीति खेल रही है।उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव के बाद एनडीए के भीतर कलह शुरू हो गई है। बिहार में अबकी बार तेजस्वी सरकार आने वाली है और भाजपा को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा। अब बिहार के नौजवानों का नहीं, बल्कि भाजपा का पलायन होगा।अखिलेश यादव ने जनता से अपील की कि वे साम्प्रदायिक ताकतों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने हमेशा नफरत की राजनीति को हराया है और इस बार भाजपा की ऐसी विदाई होगी कि वह लौटकर नहीं आएगी।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा की कई टीमें हैं दृ बी टीम, सी टीम और पी टीम दृ इन सब से जनता को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह समाजवादी सरकार ने उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस–वे और विकास की मिसाल कायम की, उसी तरह बिहार में भी विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह चुनाव बिहार के नौजवानों के भविष्य का चुनाव है। तेजस्वी यादव नई सोच और प्रगतिशील दृष्टिकोण के नेता हैं, जबकि भाजपा की राजनीति संकीर्ण सोच और

नफरत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान ने ही बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार की नींव रख दी है, अब दूसरे चरण में भाजपा का पूर्ण सफाया तय है। बिहार अब परिवर्तन की दिशा में चल पड़ा है।

# ग्राम चौपालों से बदल रहा गांवों का चेहरा केशव प्रसाद मौर्य बोले 'गांव बन रहे विकास का ग्रोथ इंजन'

लखनऊ(आरएनएस ),उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में हर शुक्रवार को आयोजित की जा रही ग्राम चौपालें ग्रामीण विकास का ग्रोथ इंजन बन चुकी हैं। चौपालों के माध्यम से गांवों की समस्याओं का समाधान अब गांव की चौखट पर ही हो रहा है और यही चौपालें विकास की नई दिशा तय कर रही हैं।उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की दो ग्राम पंचायतों में हर शुक्रवार को ग्राम चौपालें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। इन चौपालों में ग्रामीणों की व्यक्तिगत शिकायतों से लेकर सार्वजनिक मुद्दों तक पर सुनवाई हो रही है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ के विकास खंड बख्शी का तालाब के ग्राम उसरना में आयोजित ग्राम चौपाल को मोतिहारी (बिहार) से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि "गांव के विकास का रथ अब चौपालों से गति पकड़ चुका है।"उन्होंने कहा कि यह पहल पंचायती राज व्यवस्था की मूल भावना को साकार करती है, जिसके तहत शासन की योजनाएं गांवों तक पहुंच रही हैं और क्रियान्वयन से लेकर निगरानी तक की प्रक्रिया ग्राम स्तर पर हो रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2023 से अब तक प्रदेश में 1 लाख 63 हजार से अधिक ग्राम चौपालें आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 1 करोड़ से अधिक ग्रामीण शामिल हुए हैं और लगभग 5.72 लाख समस्याओं का निस्तारण किया गया है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन चौपालों से न केवल विवादों का समाधान हो रहा है, बल्कि कृषि, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को भी आमजन तक पहुंचाने में सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दों पर भी गंभीरता से मंथन किया जा रहा है। इन चौपालों का उद्देश्य गांवों से युवाओं का पलायन रोकना और उन्हें उनके कौशल के अनुरूप काम दिलाना है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, मुफ्त बिजली कनेक्शन, मुफ्त गैस कनेक्शन, शौचालय और मनरेगा के तहत रोजगार जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी पात्र व्यक्ति को ये लाभ नहीं मिल पाए हैं, तो उन्हें तत्काल इन योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।मौर्य ने चेतावनी दी कि किसी भी योजना में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी या कर्मचारी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी



रिश्वत मांगता है, तो लोग सीधे उनसे संपर्क करें कृ "ऐसे व्यक्ति को जेल भिजवाया जाएगा।"उन्होंने बताया कि सरकार किसानों के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 6 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने चौपालों में उपस्थित ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों और सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गांव की सड़कें ग्रामीणों की जीवनरेखा हैं, इसलिए सड़कों और गलियों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। जिन लोगों को अब तक पक्के आवास नहीं मिले हैं, उन्हें जल्द दिया जाएगा। उन्होंने यह भी अपील की कि ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर महीने में एक दिन स्वच्छता अभियान चलाएं और सार्वजनिक स्थलों को साफ–सुथरा रखें।इस अवसर पर उन्होंने वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि "वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि ऊर्जा, संकल्प और देशभक्ति का मंत्र है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के आर्थिक रूप से सशक्त होने की सराहना की और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का संकल्प दोहराया।उन्होंने कहा कि ग्राम चौपालें अब केवल संवाद का मंच नहीं रहीं, बल्कि सुशासन और विकास की आधारशिला बन चुकी हैं। जैसे–जैसे गांव विकसित होंगे, वैसे–वैसे प्रदेश और देश आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ेगा।

# व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाशत नहीं किया जाएगा लखनऊव्यापार मंडल, एलडीए व नगर निगम की कार्यप्रणाली पर जताई कड़ी आपत्ति

लखनऊ,(आरएनएस )लखनऊ व्यापार मंडल की कार्यकारी समिति की बैठक आज व्यापार भवन, गौतम बुद्ध मार्ग पर अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने किया। बैठक में शहर के विभिन्न बाजारों से आए व्यापारियों ने एलडीए एवं नगर निगम की नीतियों के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त किया और कहा कि लगातार नोटिस जारी करके पुराने व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है, जो अनुचित है।बुद्धेश्वर परिक्षेत्र के प्रभारी राम शंकर राजपूत ने बताया कि 35 वर्ष पूर्व बनी दुकानों को एलडीए द्वारा नोटिस भेजे जा रहे हैं, जबकि व्यापारी वर्षों से किराया एवं कर समय पर जमा कर रहे हैं। इसे उन्होंने व्यापारियों के प्रति उत्पीड़न की कार्रवाई बताया। इसी प्रकार चारबाग, गुरुनानक मार्केट, अमीनाबाद और मोहन मार्केट के व्यापारियों ने भी अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि उनकी दुकानें लगभग 70 वर्ष पुरानी हैं, इसलिए नगर निगम द्वारा इन्हें स्वामित्व (मालियत) का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा व्यापारियों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार और मनमानी पर भी चिंता व्यक्त की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमरनाथ मिश्रा ने कहा,सरकार स्वदेशी अपनाने की बात करती है, लेकिन 70 वर्ष पुरानी स्वदेशी दुकानों को स्वदेशी मान्यता क्यों नहीं दी जा रही? जब हमारी दुकानें ही स्वदेशी होंगी, तभी उनमें बिकने वाला सामान भी स्वदेशी होगा।"उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एलडीए व नगर निगम द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं रोका गया, तो लखनऊ व्यापार मंडल एक व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो मंडल चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा और शासन–प्रशासन के समक्ष इस विषय को प्रमुखता से उठाया जाएगा।बैठक में प्रमुख रूप से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, अमरनाथ मिश्रा, पवन मनोचा, देवेन्द्र गुप्ता, अनुराग मिश्रा, अभिषेक खरे, भारत भूषण गुप्ता, शशी शुक्ला, सुशील तिवारी, सुमित गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, निहारिका सिंह (अध्यक्ष, महिला व्यापार मंडल प्रकोष्ठ), इमरान कुरैशी, अरुण अवस्थी, अचल मल्होत्रा, जी.एस. सेठी, राजेश वर्मा, नीलेश टाटा, मोहम्मद सफीक, विशाल अग्रवाल, शेर सिंह, रविन्द्र यादव, विजय निर्वाण, पिंटू गुप्ता, राजू शुक्ला, सिद्धार्थ गुप्ता, अजय सक्सेना सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता अभियान में अनियमितता उजागर घर-घर कूड़ा संग्रह वाहन से अवैध रूप से बिक्री योग्य कचरा बरामद

लखनऊ(आरएनएस )। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा निरंतर निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 07 नवंबर 2025 को जोन–03 के अंतर्गत विवेकानंद पुरी वार्ड में नगर निगम टीम ने बड़ी कार्रवाई की।जोनल सेनेटरी अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में क्षेत्रीय खाद्य एवं सफाई निरीक्षक की टीम ने शालीमार गैलेन्ट अपार्टमेंट के सामने एक घर–घर कूड़ा संग्रह वाहन संख्या न्च्32 टछ 8448 की जांच की। वाहन लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि वाहन में विक्रय योग्य सेग्रिगेटेड ड्राई वेस्ट, जैसे लगभग एक क्विंटल लकड़ी, तीन बड़ी झालें और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सूखे कचरे की बोरियां अवैध रूप से भरी हुई थीं। चालक आयुब और सहायक चालक काजूदीन तथा महजूल इस सामग्री को बेचने की तैयारी में थे।नगर निगम के अनुसार, घर–घर कूड़ा संग्रह वाहनों का उपयोग केवल गीले और सूखे कचरे को अलग–अलग एकत्र कर निर्धारित डंपिंग स्थल तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। किंतु मौके पर यह पाया गया कि वाहन चालक व उनके सहयोगी नियमों का उल्लंघन करते हुए बिक्री योग्य कचरे को अलग कर निजी लाभ के लिए संग्रहित कर रहे थे।मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम टीम ने तत्काल वाहन को निराला नगर पानी टंकी परिसर स्थित वाहन यार्ड में खड़ा करवा दिया। साथ ही संबंधित वार्ड सै। के सुपरवाइजर और अन्य कर्मचारियों की भूमिका की जांच के आदेश दिए गए हैं। लखनऊ स्वच्छता अभियान प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर और जोनल इंचार्ज को दोषियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।नगर निगम ने इस घटना को गंभीर लापरवाही मानते हुए कंपनी को औपचारिक नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है ।

# विभूतिखण्ड पुलिस की बड़ी सफलता 24 घटे में शातिर बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

लखनऊ(आरएनएस )। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के जोन–पूर्वी अंतर्गत थाना विभूतिखण्ड पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे में बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।थाना विभूतिखण्ड क्षेत्र में 6 नवम्बर को वादी राम अनुज पुत्र रामबक्श कश्यप निवासी बहराइच (वर्तमान में बेहनन पुरवा, लखनऊ) की मोटरसाइकिल दो अज्ञात व्यक्तियों ने चोरी कर ली थी। इस संबंध में थाना विभूतिखण्ड पर मुकदमा संख्या 0398ध्2025 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। घटना के खुलासे के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जिसने तकनीकी और मानवीय दोनों स्तरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 नवम्बर को शालीमार स्काई, अयोध्या रोड के पास से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में अथर्व विश्वकर्मा उर्फ बबलू (निवासी बसौली, थाना मोहम्मदपुर खाला, जनपद बाराबंकी, वर्तमान पता प्रीतीनगर कमता, चिनहट, लखनऊ, उम्र 28 वर्ष) और शिवगिरी (निवासी प्रगति नगर फेस–2, तकरोही बाजार, थाना इन्दिरानगर, लखनऊ, उम्र 26 वर्ष) शामिल हैं। दोनों के कब्जे से चोरी की गई हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (संख्या न्च्32 ळे 5364, काले रंग की) बरामद की गई।पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों अभियुक्त अपने शौक और त्वरित धन अर्जन के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अथर्व विश्वकर्मा और शिवगिरी दोनों के विरुद्ध पूर्व में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अथर्व विश्वकर्मा के खिलाफ चिनहट और गाजीपुर थानों में चोरी व एससीध्एसटी एक्ट सहित चार मामले दर्ज हैं, जबकि शिवगिरी के विरुद्ध इन्दिरानगर थाना क्षेत्र में हत्या, चोरी और एससीध्एसटी एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं।घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार मिश्रा, कांस्टेबल मदनपाल सिंह और महिला कांस्टेबल अंकिता मिश्रा शामिल रहे। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# बहुप्रतीक्षित भंडरा पीएचसी को मिला रास्ता

## ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने शिलान्यास कर किया मार्ग निर्माण का शुभारंभ



कुड़वार सुल्तानपुर(आरएनएस )। लगभग 13 वर्ष पूर्व बने भंडरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को काफी मशक्कत के बाद आखिरकार पहुंचने का मार्ग मिल गया। जिसका ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह फावड़ा चलाकर शिलान्यास किया। शुक्रवार को स्थानीय विकास खंड के भंडरा परशुरामपुर ग्राम पंचायत में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आखिरकार रास्ता मिल गया। राजस्व विभाग द्वारा नापजोख के बाद रास्ते की भूमि चिन्हित होने के उपरांत ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह फावड़ा चलाकर सड़क मार्ग के निर्माण का शिलान्यास किया। बता दे कि काफी दिनों पहले भंडरा गांव में पी एच सी की स्थापना हुई थी। जिसमे अस्पताल भी चल रहा है लेकिन अस्पताल को जाने के लिए सड़क मार्ग न होने से वहां न तो एंबुलेंस पहुंच पाती थी और न ही कोई वाहन अस्पताल तक पहुंच पाता था। ऐसे में मजबूरी में क्षेत्रीय लोगों को आपातकालीन स्थिति में सीएचसी कुड़वार या जिला अस्पताल का सफर तय करना पड़ता था।विगत दिनों मंडलायुक्त के दौरे को लेकर शुरू हुई प्रशासनिक कवायद व मीडिया में मामला चलने के बाद एस डी एम सदर विपिन द्विवेदी ने राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद की अगुवाई में राजस्व टीम को मौके पर भेजा। राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच कर नाप जोख की तो काफी सरकारी जमीन पर ग्रामीणों का अतिक्रमण मिला। जिस पर राजस्व निरीक्षक ने तत्काल काश्तकारों को बुलाकर सरकारी भूमि छोड़ने के लिए निर्देश दिया था।सड़क मार्ग की जमीन की व्यवस्था हो जाने के बाद खंड विकास अधिकारी नीलिमा गुप्ता ने सचिव संतोष पाल को मनरेगा योजना से सड़क पटवाने का निर्देश दिया। बीडीओ के निर्देश पर पंचायत सचिव ने प्रधान प्रतिनिधि की उपस्थिति में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि से 200 मीटर सड़क की मिट्टी पटाई व एक पुलिया निर्माण का शिलान्यास कराया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक शिव प्रसाद,लेखपाल शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पंचायत सचिव संतोष पाल, धर्मेंद्र तिवारी, उदय मिश्र सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पीपर गांव डाकघर के गांवो में नही पहुंच पा रही है डाक

## पोस्ट मास्टर अंतिमा चौधरी ने कहा हरौरा में आकर अपनी डाक ले जाओ

सुलतानपुर(आरएनएस )। बल्दीराय तहसील क्षेत्र अन्तर्गत पीपर गांव डाकघर में पोस्ट मैन न होने से गांवो में डाक का वितरण प्रभावित हो गया है। ग्रामीणो ने बताया कि पीपर गांव डाकघर से गांवो में बटने वाली डाक ग्रामीण के घरो तक नही पहुंच पा रही है जिससे अदालती नोटिस नौकरी ज्वायनिंग प्रवेश पत्र आदि कई महत्वपूर्ण डाक ग्रामीणो को रिसीव नही हो पा रही है। इस संबंध में जब पोस्ट मास्टर अंतिमा चौधरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित ग्रामीण अपनी डाक हरौरा बाजार से जाकर रिसीव कर ले यहां पोस्ट मैन की कमी हैऐसे में ग्रामीण पांच से दस किलो मीटर की दूरी तय करके डाक रिसीव करने हरौरा बाजार जा रहा है। पीपर गांव डाकघर के कई गांवो के ग्रामीणो ने इसकी शिकायत वरिष्ठ पोस्ट मास्टर डाकघर से करते हुए तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



# सामाजिक सेवा संघ ने 458 जरूरतमंदों को बांटा गरम भोजन



सुलतानपुर(आरएनएस )। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के स्वयंसेवकों ने सेवा भावना का परिचय देते हुए गुरुवार की शाम बेसहारा, निर्धन और जरूरतमंद लोगों को गरम भोजन उपलब्ध कराया। संघ की ओर से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन परिसर में कुल 458 लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया गया। भोजन वितरण की शुरुआत मुफ्ती मौलाना इनाम उल्लाह खान ने की। उन्होंने संस्था की पहल को मानवता की सच्ची सेवा बताया और कहा कि ऐसे कार्य समाज में प्रेरणा का स्रोत हैं। संस्था के संस्थापक निजाम खान ने बताया कि हर गुरुवार यह सेवा कार्यक्रम जनसहयोग से निरंतर चल रहा है। उन्होंने कहा, "जब तक सांस है, सेवा भाव का यह कार्य जारी रहेगा।" मेडिकल कॉलेज में 312 और रेलवे स्टेशन पर 146 जरूरतमंदों को रोटी, दाल, चावल और सब्जी की थालियां वितरित की गईं। इस पुनीत कार्य में मौलाना इजहार अहमद, प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानो, जियाउल कमर सिद्दीकी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, हाजी मुजतबा अंसारी, राशिद खान, हसीब अहमद, अहसन, राजेश मिश्रा, सद्दाम हुसैन, यूसुफ पठान, बैजनाथ प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# समाजसेवी व दस्तावेज लेखक के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

बल्दीरायसुलतानपुर (आरएनएस )। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी व दस्तावेज लेखक दिनेश मिश्र का वृहस्पितवार को देर शाम निधन हो गया। समाजसेवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। वे पिछले करीब बीस दिनों से अस्वस्थ थे और लखनऊ में वेंटिलेटर पर उपचाराधीन थे। गुरुवार शाम पैतृक गांव लाए जाने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं, स्टाम्प वेंडरों, दस्तावेज लेखकों सहित बड़ी संख्या में संभ्रांतजनो का पूरे सरयू मिश्र, भवानीगढ़ स्थित उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि देने वालो का तांता लग गया। दिवंगत मिश्र का अंतिम संस्कार अयोध्या के सरयू तट पर किया गया। श्री मिश्र की समाजसेवा और दस्तावेज लेखन क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। श्री मिश्र के सबसे बड़े पुत्र नितिन कुमार मिश्र` पत्रकार है जिससे क्षेत्र के पत्रकारो में भी श्री मिश्र के निधन से गहरा शोक है। उप निबंधक कार्यालय बल्दीराय की रजिस्ट्रार वीना झा ने श्री मिश्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मिश्रा जी पूरे जीवन भर अपनी समाज सेवा से जाने जाते थे उन्होंने एक दस्तावेज लेखक की भूमिका में किसानो के साथ जो सरल व्यवहार किया शायद क्षेत्र के लोग कभी भुला नही पायेंगे।

# हाईवे कट पर हंगामा, इंजीनियर बोले बीच बाजार बना कट पूरी तरह गलत

हलियापुर सुलतानपुर (आरएनएस )। अयोध्या–रायबरेली नेशनल हाईवे के हलियापुर कस्बे में बने विवादित क्रॉसिंग कट की जांच शुक्रवार को हाईवे टीम ने की। निरीक्षण के बाद इंजीनियर उपेंद्र सिंह रघुवंशी ने माना कि बीच बाजार बना यह सीधा कट नियम विरुद्ध और जानलेवा है।इंजीनियर ने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार कर मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों व डायरेक्टर को भेजी जाएगी। कट पर चेतावनी बोर्ड, सिग्नल और स्पीड ब्रेकर लगाने की सिफारिश भी की गई है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने




आरोप लगाया कि सही स्थान पर बना पुराना कट बंद कर मनमाने तरीके से बीच बाजार में नया कट बना दिया गया, जिससे रोजाना दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। जांच के दौरान मौके पर आईबी सिंह, रणविजय सिंह, धनंजय सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जांच टीम ने भरोसा दिलाया कि निर्देश मिलते ही अनियमितता दूर कर सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे।

# अखिल भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने रामभजन

## सामाजिक विकास मेरी पहली प्राथमिकता होगी-प्रदेश उपाध्यक्ष

सुल्तानपुर(आरएनएस )। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा (चांदा) राम भजन यादव के कार्य व मेहनत को देखते हुए अखिल भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश द्वारा इन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। राम भजन यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा चांदा जनपद सुल्तानपुर के निवासी हैं और रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा चांदा जनपद सुल्तानपुर के अध्यक्ष हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान ने बिस्वास जताया कि ये संगठन की नीतियो कार्यक्रम आदि का प्रचार–प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते रहेगें। राम भजन यादव द्वारा समाज हित से जुड़े मुद्दों को शासन में प्रमुखता से रखा जाता है। पेय जल समस्या हो या विद्युत से जुड़ी समस्याएं हो, सड़क निर्माण हो, हर मामले में इनके द्वारा हमेशा प्रयास किया जाता है। इनकी मेहनत और लगन को देखते हुए ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवीन दायित्व के निर्वहन के संबंध में प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा कहा गया है हम संगठन के प्रति हमेशा कर्तव्यनिष्ठ और समर्पित रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जो बिस्वास मुझपर किया गया है उस पर मै पूर्णतया खरा उतरने की कोशिश करूंगा। अखिल भारतीय किसान संघ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सह शाखा है।

# यातायात के उल्लंघन पर 427 वाहनों का चालान

जौनपुर(आरएनएस )। शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 427 वाहनों का चालान किया गया और 13 वाहनों को सीज किया गया। प्रभारी यातायात सुशील कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने पॉलिटेक्निक चौराहा से नईगंज तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन सभी प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम्स पर कार्यवाही की गई, जहां पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं थी या उपलब्ध पार्किंग का सही उपयोग नहीं किया जा रहा था। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से यातायात बाधित हो रहा था। इस पर संबंधित संस्थानों को चेतावनी दी गई और 20 वाहनों को पुलिस लाइन यातायात कार्यालय लाकर प्रवर्तन कार्यवाही की गई।अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने, तीन सवारी न बैठाने, अत्यधिक गति से वाहन न चलाने, तथा वाहनों के शीशों पर काली फिल्म न लगाने के संबंध में जागरूक किया। जिन वाहनों पर काली फिल्म लगी थी, उनसे मौके पर ही फिल्म उतरवाई गई।प्रभारी यातायात ने बताया कि यह अभियान यातायात माह के दौरान पूरे जिले में निरंतर जारी रहेगा। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सामूहिक गायन

सुल्तानपुर(आरएनएस )। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध राजाराम सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर नारायणपुर सुल्तानपुर यू पी में वन्देमातरम राष्ट्र गीत का स्मरणउत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम सभी भैया बहिनों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पांडेय ने वन्देमातरम राष्ट्र गीत को केवल एक गीत नहीं, देश की आत्मा एवं राष्ट्रभाव का शाश्वत मंत्र बताया। इसी मंत्र को गाकर कितने लोगों ने अपने प्राणों की आहुति इस देश के लिए दी है और अपने को मातृ भूमि के लिए समर्पित कर दिया।भैया बहिनों को राष्ट्र गीत सुनाई देने पर दक्ष की स्थिति में खड़ा हो जाने तथा पूर्ण होने तक खड़ा रहने का नियम भी बताया। यह कार्य राष्ट्रगान के समय भी अनिवार्य है।राष्ट्र गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी की गीत से प्रेरणा ने ही देश को आजाद कराया ऐसा बताते हुए सभी भैया बहिन आचार्य दीदियों कर्मचारी वाहन चालकों आदि ने एक साथ वन्देमातरम गान में समवेत भाग लिया।विद्यालय का प्रातः कालीन परिसर का दृश्य बहुत ही सुन्दर मनोहारी एवं देश भक्ति से परिपूर्ण रहा। पहले भैया बहिनों ने सामूहिक योग किया।

# शनिवार व रविवार को है रोजगार मेले का आयोजन

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के लंभुआ तहसील क्षेत्र के गोथूआ जागीपुर गांव में सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा वृहद स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में देश की नामी गिरामी कम्पनियां शामिल होंगी।जिसका उद्घाटन शनिवार को कैबिनेट मंत्री संजय निषाद द्वारा किया जाएगा।

सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ आशीष तिवारी ने बताया कि गोथूआ जागीपुर उनकी जन्मभूमि है इसीलिए इस गांव में उनके द्वारा रोजगार मेले का आयोजन करवाया जा रहा है।जिसमे देश की लगभग 100 प्रतिष्ठित कंपनिया प्रतिभाग करेंगी। कंपनियों के अधिकारी गण आए हुए बेरोजगार युवकों का उनकी योग्यता का अनुसार चयन करेंगे।जो जिस फील्ड में ज्ञान रखता होगा उसे उसके अनुसार रोजगार दिलाने का लक्ष्य है।उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद शनिवार को सुबह साढ़े 10 बजे पहुंचकर मेले का शुभारंभ करेंगे।मेले में पहुंचने वाले हर बेरोजगार को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

# वन्दे मातरम् गीत ने देश को एकता के सूत्र में बाँधा

जौनपुर(आरएनएस )। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचित राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में 07 नवम्बर 2025 से 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में यह ऐतिहासिक अवसर भव्य रूप से मनाया जाना है। जनपद में भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण, शिक्षकगण, छात्रों सहित अन्य की उपस्थिति में लोक भवन सभागार लखनऊ से आयोजित मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखा गया और मुख्यमंत्री



के उद्बोधन को सुना गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गायन भी किया गया। इस अवसर पर कई विद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया तथा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गईं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं प्रबुद्ध साहित्यकार, सरस्वती मां के उपासक बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय जी ने उस समय इस गीत की रचना की थी, जब हमारा देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़े हुए था तथा औपनिवेशिक शक्तियों से संघर्ष कर रहा था। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् ने सभी में राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न करते हुए अपनी मातृभूमि, अपने देश की स्वतंत्रता के लिए सामूहिक रूप से संगठित होकर अपने देश की आजादी की लड़ाई लड़ने का हौसला दिया। यह गीत राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम का आह्वान था जिसने जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर उठकर देश को एकता के सूत्र में बाँधा। यह अवसर इस गीत को स्मरण करने का दिवस है। एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चों, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण सहित अन्य द्वारा रैली निकाली गई, जिसमें "भारत माता की जय" और "वन्दे मातरम" के नारे लगाते हुए पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया गया। तमाम अधिकारी, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक , छात्र उपस्थित रहे।

# उद्यान विभाग लगायेगा सब्जी बीज का मेला

जौनपुर(आरएनएस )। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद में 170 हे0 शंकर शाक भाजी सब्जी के लक्ष्य प्राप्त है। इसी क्रम में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी परिसर में 10 नवम्बर को सब्जी बीज वितरण हेतु मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निदेशालय स्तर से इम्पैनल्ड कुल 19 निर्माता कम्पनियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है। जनपद में 170 हे0 क्षेत्रफल में शाकभाजी का विस्तार किया जाना है, जिन किसानों ने सब्जी की खेती के लिए पंजीकरण कराया है। वह आयोजित मेले में सब्जी बीज प्राप्त कर सकते है अथवा अपनी डिमांड दे सकते है। साथ ही नये किसान भी मेले में विभागीय वेबसाइट ीजजचरूध्ध्कइज.नचीवतजपबनसजनतम.पद पर पंजीकरण करा सकते है। सब्जी लगाने के लिए 0.20 से अधिकतम 2.00 हे0 क्षेत्रफल तक के लिए पंजीकरण कराकर बीज प्राप्त कर सकते है। इच्छुक किसान टमाटर, शिमला मिर्च, मसाला मिर्च, पत्तागोभी, ब्रोकली, खीरा, भींडी, लौकी, करेला, नेनुआ, बैगन, तरबूज, चप्पन कद्दू आदि सब्जी का बीज निःशुल्क प्राप्त कर लाभान्वित हो सकते है।

# सीएचके चिकित्सक लगाएंगे कैंप

सुल्तानपुर(आरएनएस )। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भारत भूषण के निर्देश पर सी एच सी अधीक्षक लंभुआ ने रोजगार मेले में भारी भीड़ आने की संभावना देखते हुए चिकित्सक डॉ प्रभात सिंह के साथ विभागीय कर्मियों की ड्यूटी लगा दी है।जो दोनो दिन एम्बुलेंस के साथ मेला स्थल पर कैंप करेंगे। जिससे किसी भी व्यक्ति को आपात स्थिति में बेहतर इलाज दिया जा सके।

# प्रधानाचार्य आईटीआई ने उत्तीर्ण छात्रों को मेले की जानकारी देने का दिया निर्देश

सुल्तानपुर। जिले के सरकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सेवार्थम फाउंडेशन द्वारा अवगत कराया गया है कि रोजगार मेले में 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनिया प्रतिभाग कर रही है।जिस पर उन्होंने सभी आई टी आई सुल्तानपुर व कादीपुर के शिक्षकों को निर्देश दिया है कि अपने अपने व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रतिभागियों को उक्त मेले के बारे में अवगत कराने का कष्ट करे।

## सामूहिक विवाह में सहभागी बने दिनेश टण्डन

जौनपुर(आरएनएस )। जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष भी सात दिसंबर को मोहम्मद हसन महाविद्यालय मैदान में "सर्वधर्म सामूहिक विवाह समारोह" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद दिनेश टंडन ने अपील किया है कि जनपद के सभी व्यापारिक संगठनों, समाजसेवियों, नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से विनम्र निवेदन है कि इस पुण्य कार्य में सहभागी बनकर सामाजिक सौहार्द, एकता और मानवता के इस महाअभियान को सफल बनाएं। यह आयोजन केवल विवाह नहीं, बल्कि समानता, सहयोग और स्वाभिमान का पर्व है।

# खिलाड़ी हाकी से जुड़ कर कैरियर बनायें-रूद्र प्रताप

जौनपुर(आरएनएस )। इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में भारतीय हॉकी को 07 नवम्बर, 1925 को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी संघ से जुड़ने के शताब्दी वर्ष पर एवं विगत में हॉकी के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास के अवसर पर बालक एवं बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन हॉकी इण्डिया एवं यू0पी0 हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के 75 जनपदों में आयोजित किया गया। हॉकी के गौरवशाली इतिहास की स्मृति में इन्दिरा गांधी स्टेडियम में '''इण्डियन हॉकी के 100 वर्ष''' के रूप में मनाते हुए हॉकी का मैच आयोजित किया गया। उक्त मैच में मुख्य अतिथि के रूप में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव के साथ ही जनपद के हॉकी के वरिष्ठ राष्ट्रीय खिलाड़ी रूद्रप्रताप सिंह' भी उपस्थित थे, जिन्हें क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह द्वारा अंगवस्त्रम प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह द्वारा अपने 'उद्घाटन सम्बोधन में हॉकी के गौरवशाली इतिहास को रेखांकित करते हुए खिलाड़ियों को खेल से जुड़ने एवं कैरियर के रूप में अपनाने पर बल दिया गया। अतिथि द्वारा हॉकी मैच में उपस्थित टीमों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात हॉकी बाल को स्टीक से मारकर हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। सचिव सुधान्शु गुप्ता' एवं हॉकी प्रशिक्षक मो0 इजहार भी उपस्थित थे जिनका जनपद जौनपुर के प्रशिक्षकों द्वारा मार्ल्यापण कर स्वागत किया गया। मैच में बालक वर्ग में इन्दिरा गांधी स्टेडियम की हॉकी टीम ने जनता जनार्दन इण्टर कालेज की टीम को 2–0 से पराजित किया। बालिका वर्ग में के0 के0 स्पोर्ट्स क्लब की हॉकी टीम ने एस0 एस0 पब्लिक स्कूल की टीम को 03–01 से पराजित किया।

आज के आयोजित मैच में कन्हैया सिंह यादव, कबड्डी प्रशिक्षक, कृष्ण कुमार यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक, शशि कुमार यादव, बॉक्सिंग प्रशिक्षक, दिलीप कुमार, वॉलीबाल प्रशिक्षक एवं निलेश कुमार यादव, हैण्डबाल प्रशिक्षक उपस्थित थे। संचालन कन्हैया सिंह यादव द्वारा किया गया।

# जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र देने में देरी न हो- डीएम

जौनपुर (आरएनएस )। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा आज खंड विकास अधिकारी, मुफ्तीगंज के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का अवलोकन किया। नैपुरा निवासी संदीप कुमार जो अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु कार्यालय आए हुए थे। जिलाधिकारी ने स्वयं ऑपरेटर के साथ बैठकर कुछ ही मिनटों में उनका प्रमाण पत्र निर्गत करवाया। इस त्वरित कार्यवाही से प्रभावित होकर संदीप कुमार ने जिला प्रशासन की त्वरित और संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# राहुल की प्रेस कांफ्रेंस यानी बिहार में हार की पेशबंदी

राहुल गांधी के वोट चोरी पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अुनसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार में पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान से एक दिन पहले दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर हरियाणा में डुप्लिकेट वोटर्स से लेकर बल्क वोटर्स तक, कैटेगरी वाइज आंकड़े भी बताए हैं। इससे पहले भी राहुल गांधी वोट चोरी का मुद्दा उठा चुके हैं। लेकिन वो चुनाव आयोग में शपथ पत्र देकर शिकायत और अदालत का दरवाजा नहीं उठाते हैं। बस प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बेबुनियाद आरोप और दावे करते रहते हैं। असल में पटना से करीब 1100 किलोमीटर दूर जब राहुल गांधी हरियाणा विधानसभा चुनाव में फर्जी वोटिंग के किस्से सुना रहे थे तब ऐसा लग रहा था मानो वो बिहार में महागठबंध ान की होने वाली हार के लिए पेशबंदी कर रहे हैं।राहुल गांधी के वोट चोरी पर बीजेपी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। चुनाव आयोग ने भी कहा है कि कांग्रेस को डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने के लिए शिकायत दर्ज करवानी चाहिए थी। मीडिया रिपोर्ट के अुनसार हरियाणा राज्य की मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील दायर नहीं की गई थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची के खिलाफ कोई अपील नहीं दायर की गई।इसे भी पढ़ेंरू च्तंईीीप छमूत्ववउरू ठपींत की जनता ने भारी मतदान का रिकॉर्ड बना दिया, ये बदलाव की आहट है या दसहजारी योजना का कमाल है?राहुल गांध ी के इस दावे को लेकर काफी विवाद हो रहा है। इनमें भी सबसे बड़ा विवाद तो ये है कि राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि जिन 22 वोटर कार्ड पर एक ही मॉडल ही तस्वीर है, उन वोटर कार्ड से चुनावों में वोट डाले गए हैं। ये सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जिस वोटर लिस्ट को दिखाकर ये पूरा दावा कर रहे हैं, वो वोटर लिस्ट मतदान के बाद की नहीं बल्कि मतदान से पहले की है। सोचिए मतदान से पहले की वोटर लिस्ट से राहुल गांधी को ये कैसे पता चला कि इन वोटर कार्ड से चुनावों में वोटिंग भी हुई। मीडिया की पड़ताल में राहुल गांधी के दावे झूठे साबित हुए।

सवाल यह भी है कि अगर कोई गड़बड़ी थी तो कांग्रेस के बूथ लेवल एजेंट्स ने संशोधन के दौरान एक ही नाम की एक से अधिक प्रविष्टियों को रोकने के लिए कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की? वहीं अगर कई नामों के दोहराव से बचना था, तो संशोधन के दौरान कांग्रेस के बूथ–स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने कोई दावा या आपत्ति क्यों नहीं उठाई?मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार और हरियाणा दोनों में कांग्रेस के बूथ एजेंटों ने संशोधन के दौरान दोहराए गए नामों को लेकर कोई दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की। वही सवाल यह भी है कि वोटर लिस्ट चुनाव से पहले उपलब्ध होती है। अगर कोई नाम छूट गया है, तो उसे जुड़वाने की व्यवस्था होती है। वास्तव में, कांग्रेस और कई विपक्षी दल सत्ता हासिल करने के लिए किसी ने किसी बहाने देश की जनता को संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उकसाते रहते हैं। चुनाव आयोग, ईडी, सीबीआई से लेकर तमाम दूसरी संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। राहुल गांधी तो चुनाव आयोग के अधिकारियों को खुली धमकी दे चुके हैं कि उनकी सरकार आएगी तो वो जांच करवाएगी। वैसे अब तक चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली को लेकर विपक्ष के आरोप फर्जी और बेबुनियाद ही साबित हुए हैं। प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने मीडिया का परिचय बिहार के कुछ ऐसे लोगों से भी कराया है, जिनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं और इन लोगों का कहना है कि चुनाव आयोग की तरफ से उनके पास कभी कोई आया ही नहीं और बिना बताए उनका नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिया गया। अब यहां पता है समस्या क्या आ रही है। समस्या ये है कि राहुल गांधी देश को ये बता रहे हैं कि वोटर लिस्ट में क्या त्रुटियां हैं लेकिन चुनाव आयोग जब इन त्रुटियों को सुधारने के लिए वोटर लिस्ट का रिवीजन करना चाहता है तो वो इसका भी विरोध करते हैं। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या राहुल गांधी एसआईआर का समर्थन कर रहे हैं या इसका विरोध? सवाल यह है कि जिन लाखों वोटरों का वोट कटा है, वो चुपचाप अपने घरों में बैठकर राहुल गांधी की प्रेस कांफ्रेंस का इंतजार क्यों कर रहे थे, उन्हें तो सड़कों पर उतर आना चाहिए था।वास्तव में, राहुल गांधी एक अगंभीर राजनीतिज्ञ हैं। उनकी राजनीति का मकसद सेवा की बजाय मेवा खाना और कमाना है। देश की जनता से जुड़ाव दिखाने के लिए वो किसान, ड्राइवर, कारपेंटर, हलवाई, कुली या पुताई वाले का अभिनय करते दिखते तो जरूर हैं, लेकिन राजनीति और देश को लेकर उनकी समझ अल्प है।वहीं उनकी एक समस्या यह भी है कि मोदी सरकार के खिलाफ वो जो आरोप लगाते हैं, उनका कोई ठोस आध ार या प्रमाण उनके पास नहीं है। चौकीदार चोर है, हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लेकर वोट चोरी तक उनके सारे दावे और आरोप हवा हवाई ही साबित हुए हैं। वहीं वो किसी एक मुद्दे पर टिकते नहीं हैं। मोदी सरकार के खिलाफ वो पिछले एक दशक में कई आरोप लगा चुके हैं। लेकिन चंद दिनों के शोर शराबे के बाद वो कोई नया आरोप लगाने लगते हैं।

देश की जनता मोदी और राहुल गांधी के बीच का फर्क सही से समझ रही है। इसलिए कांग्रेस सत्ता से दूर है। राहुल गांधी के पास पक्के सुबूत हों तो उन्हें छाती ठोककर चुनाव आयोग में शपथ पत्र दाखिल कर शिकायत



दर्ज करनी चाहिए, अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि उनके आरोप केवल जनता को उकसाने के लिए हैं, संवैधानिक संस्थाओं और व्यवस्थाओं के प्रति नाराजगी का माहौल बनाने का है। कांग्रेस और विपक्ष के कई दलों का इको सिस्टम देश में अस्थिरता, अशांति और अराजकता का माहौल बनाने की फिराक में है। देशी राजनीतिक दलों के इन षड्यंत्रों में विदेशी ताकतें खद पानी मुहैया करवा रही हैं। आजकल राहुल गांधी जेन जी को बहला फुसलाकर सड़कों पर उतारना चाहते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में राहुल गांधी ने कहा कि वोट चोरी को रोकने के लिए भारत के जेन–जी युवाओं को आगे आना होगा। राहुल गांध ी बार–बार जेन–जी युवाओं का जिक्र कर रहे हैं, जिससे ये सवाल खड़ा होता है कि क्या वो भारत के युवाओं को सरकार के खिलाफ आंदोलन करने के उकसा रहे हैं? ये आरोप बीजेपी लगा रही है। पिछले कुछ महीनों में जेन–जी युवाओं ने सिर्फ नेपाल में सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन नहीं किया है, बल्कि मोरक्को, मेडागास्कर, पेरू, फिलीपींस, केन्या और यहां तक कि इंडोनेशिया में भी चुनी हुई सरकारों के खिलाफ जेन–जी युवा हिंसक आंदोलन कर चुके हैं और इनमें कुछ देशों में उन्होंने तख्तापलट भी कर दिया है. पिछले साल बांग्लादेश में भी जो तख्तापलट हुआ था, उसके पीछे भी जेन–जी छात्रों का हिंसक आंदोलन था, जिससे अब बीजेपी राहुल गांधी की मंशा पर सवाल उठा रही है। जिस तरह से विदेशी ताकतें भारत के बढ़ते कदमों को रोकना चाहती हैं। ऐसे में विपक्ष खासकर कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी और व्यवहार इस ओर इशारा करता है कि वो सत्ता हासिल करने के लिए वोट की बजाय तख्तापलट पर ज्यादा यकीन करते हैं। कुल मिलाकर जमीन और जनता से कटे नेता और राजनीतिक दल बिहार चुनाव में अपनी हार को देखकर वोट चोरी का पुराना राग अभी से गाने लगे हैं। राहुल गांधी वोट चोरी का राग सबसे ऊंची आवाज में गा रहे हैं।

# सम्पादकीय

## भारत परिपक्व और व्यावहारिक नजरिया अपनाए

रुबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनाव है, इसलिए अमेरिका के पाकिस्तान से गहराते रिश्ते पर भारतीय चिंता को वे समझते हैं। मगर उन्होंने सलाह दी कि भारत 'परिपक्व' और 'व्यावहारिक नजरिया' अपनाए।

जिस रोज डॉनल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल असीम मुनीर की तारीफ करते हुए उन्हें 'महान व्यक्ति' बताया, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत को दिलासा दी कि पाकिस्तान के साथ अमेरिका का रिश्ता भारत से संबंधों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनाव है, इसलिए अमेरिका के पाकिस्तान से गहराते रिश्ते को लेकर भारतीय चिंता को वे समझते हैं। मगर उन्होंने सलाह दी कि भारत 'परिपक्व' और 'व्यावहारिक' नजरिया अपनाए। कहा– 'देखिए, भारत के कई ऐसे देशों के साथ संबंध हैं, जिनसे हमारा रिश्ता नहीं है। अतरू यह (अमेरिका– पाकिस्तान संबंध) परिपक्व एवं व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा है।'

रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान से रणनीतिक संबंध के विस्तार को अमेरिका अपने लिए एक अवसर मानता है। यह अवसर क्या है, यह उन्होंने नहीं बताया। मगर संभवतरू ट्रंप प्रशासन मानता है कि मध्य एशिया में अपनी पहुंच को गहराई देने तथा दक्षिण एवं मध्य एशिया में चीन की रणनीतिक बढ़ी पकड़ को नियंत्रित करने के लिहाज से पाकिस्तान का महत्त्व है, जिसका अधिकतम लाभ उसे उठाना चाहिए। बहरहाल, भारत की विदेश नीति को यह ऐसा झटका है, जिसकी भरपाई रुबियो की बातों से नहीं हो सकती। इस सदी में तमाम भारतीय सरकारों ने अमेरिका से रणनीतिक निकटता बनाने को तरजीह दी, तो इस नीति में पाकिस्तान को पश्चिम में अलग–थलग करना प्रमुख मकसद रहा है। इसके बदले भारत चीन को नियंत्रित करने की पश्चिमी देशों की प्राथमिकता में सहायक बनने (जिससे भारतीय सुरक्षा प्रतिष्ठान के हित भी सधते हैं) को तैयार हुआ। शुरुआत में यह नीति कारगर होती दिखी। मगर ट्रंप प्रशासन ने सारे समीकरण उलट–पुलट दिए हैं। उसकी चुभन भारत को महसूस हुई है। अमेरिकी रणनीति में पाकिस्तान को मिली अहमियत से भारतीय मनोविज्ञान आहत हुआ है। रुबियो ने जो कहा है, उसका अर्थ यह है कि पाकिस्तान को महत्त्व देना ट्रंप प्रशासन की सुविचारित नीति है, जिसमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं होने वाला है। भारत को इस नई स्थिति को स्वीकार करना होगा। 'परिपक्वता' और 'व्यावहारिक नजरिए' से उनका मतलब यही है।

## महिलाओं को लेकर समाज और राजनीतिक दलों के सोच में सकारात्मक बदलाव

महिलाओं को लेकर राजनीतिक दलों में पिछले एक दशक से सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। राजनीतिक दलों में सबसे पहले 2006 मप्र के मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह ने लाडली लक्ष्मी, कन्यादान योजना का आयोजन किया। शिवराज सिंह चौहान दर्शन विज्ञान के छात्र रहे हैं।इन योजनाओं के चलते 2008 के मप्र विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 05 साल की सत्ता विरोधी लहर के बाबजूद जीत गई और अप्रत्याशित रूप से सत्ता में बापिस करली । लेकिन तब तक राजनीति दल शिवराज सिंह की इस गहरी चाल को भांप नहीं पाए थे। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने 2013 के मप्र विधानसभा चुनाव में जननी सुरक्षा, संबल योजना, विधवा पेंशन योजनाओं को चला दिया और मोदी लहर के शुरुआत का सहारा लेकर जीत हासिल की तब देश के राजनीतिक दलों ने खोज खबर ली कि मप्र में ये क्या हो रहा है। सभी राजनीतिक विशेषज्ञ इस बात से हैरान थे कि भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार सरकार बनाई थी और वह भी दो तिहाई बहुमत से जीत हुई थी। और उसे 45.2 फीसदी मत मिला था। इधर तमिलनाडु में जयललिता ने अम्मा कैंटीन चला कर 2015 के चुनाव में जीत हासिल की । मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने 2023 के विधानसभा चुनावों में तो भारत वर्ष का सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार ईजाद कर दिया लाडली बहना जिसके तहत प्रत्यक वर्ग, जाति, समुदाय, धर्म की महिलाओं को एक सिस्टम के तहत हर महीने 1250 रुपए सीधे उसके खाते में डाल कर चुनाव में 162 सीट लाकर कमाल कर दिया और 25 वर्ष तक मप्र में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता तय कर दी। बताया जाता है कि शिवराज सिंह के इस फैसले से उनकी अपनी पार्टी और केंद्र सरकार भी खुश नहीं थी।मगर चुनाव परिणाम आने पर सब हतप्रभ रह गए। भारतीय जनता पार्टी ने 48 फीसदी वोट हासिल किए थे। जबकि चुनाव से पहले भोपाल से दिल्ली तक मप्र में कांग्रेस सरकार आने का हल्ला मचा हुआ था।

अब तो महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा,के चुनावों सीधे महिलाओं को 1500 से 2000 रुपए महीने देना शुरू कर दिए और सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी जीत गई । हालांकि नीतीश कुमार ने भी 2020 के चुनाव महिलाओं के लिए काफी घोषणाएं की थी । झारखंड में तो जेएमएम के हेमंत सोरेन ने हरा हुआ चुनाव मैया योजना से जीत लिया क्योंकि उन्होंने जेल से रिहा होकर मुख्यमंत्री बन महिलाओं के खाते में सीधे 7500, रुपए महीने डाल दिए और भारतीय जनता पार्टी को उसके दाव से ही हरा दिया।अब बिहार में तो नीतीश कुमार ने महिलाओं को 1०० रूपये घूस जैसे दिए हैं। बिहार चुनाव में लोग दावा कर रहे हैं कि यही कारण से एनडीए सत्ता में लौट रहा है। हरियाणा में तो भारतीय जनता पार्टी ने तिगड़ी लगा दी।

# वंदे मातरम को विभाजित कर पंडित नेहरू ने देश विभाजन के बीज बो दिये थे

बताया जाता है कि 1937 में जब जिन्ना ने कहा कि "वंदे मातरम् मुसलमानों को चुभता है," तब कांग्रेस के तत्कालीन नेता जवाहरलाल नेहरू झुक गए थे। उन्होंने राष्ट्रगीत के तीन पैराग्राफ को हटा दिया था। यह पैराग्राफ माँ भारती की महिमा, शक्ति और वैभव का वर्णन करते थे।"वंदे मातरम्", यह केवल एक गीत नहीं, यह भारत की आत्मा है। यह वह पुकार थी जिसने गुलामी की बेड़ियाँ तोड़ीं, यह वह मंत्र था जिसने अनगिनत क्रांतिकारियों को शहादत की राह पर भेजा। यह उस भारत माता का जयगान है, जिसने अपने बेटों को आजादी की ज्योति दी। लेकिन दुर्भाग्य देखिए, उसी "वंदे मातरम्" को, जिसे गाते हुए लाखों लोगों ने फाँसी के फंदे को चूमा, उसे 1937 में "खंडित" कर दिया गया था और यह किया गया था पंडित जवाहरलाल नेहरू के आदेश पर, सिर्फ और सिर्फ जिन्ना को खुश करने के लिए। यह था भारत के इतिहास का सबसे बड़ा आत्मघाती तुष्टिकरण।बताया जाता है कि 1937 में जब जिन्ना ने कहा कि "वंदे मातरम् मुसलमानों को चुभता है," तब कांग्रेस के तत्कालीन नेता जवाहरलाल नेहरू झुक गए थे। उन्होंने राष्ट्रगीत के तीन पैराग्राफ को हटा दिया था। यह पैराग्राफ माँ भारती की महिमा, शक्ति और वैभव का वर्णन करते थे। तर्क दिया गया था कि ये पैराग्राफ "हिंदू प्रतीकों" से भरे हैं, इसलिए मुस्लिम लीग असहज है। लेकिन सवाल यह है कि क्या आजादी का आंदोलन केवल किसी एक मजहब का आंदोलन था? क्या भारत माता की वंदना किसी मजहब से टकराती है, या वह इस देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है?नेहरू ने उस समय "वंदे मातरम्" गीत के शब्दों को ही नहीं काटा था, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को भी आघात पहुँचाया था। देखा जाये तो उसी क्षण भारत की राजनीति में "तुष्टिकरण" का बीज बोया गया, जो आगे चलकर विभाजन के रक्तरंजित पेड़ के रूप में पनपा। प्रधानमंत्री मोदी ने आज ठीक यही बात दोहराई कि "वंदे मातरम् का विभाजन ही देश के विभाजन का बीज था।" जब प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "वंदे मातरम् के टुकड़े किए गए, उसकी आत्मा को तोड़ा गया," तो यह केवल इतिहास की पुनर्स्मृति नहीं थी, यह उन सभी राजनैतिक शक्तियों को सीधा संदेश था जो आज भी उसी विभाजनकारी मानसिकता को ढो रही हैं। मोदी का यह वक्तव्य एक राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक घोषणापत्र थाकृ कि भारत अब आत्मगौरव से समझौता नहीं करेगा।देखा जाये तो आज की कांग्रेस वही गलती दोहरा रही है। राहुल गांधी खुले मंचों पर "वंदे मातरम्" को एक लाइन में सीमित करने की बात करते हैं। यह वही मानसिकता है जिसने कभी जिन्ना को मनाने के लिए भारत की आत्मा को चोट

# भारत के श्रमिकों के सशक्तिकरण की दिशा मेंरू श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन की आवश्यकता

एस.पी. तिवारी

भारत का कार्य जगत एक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। देश की श्रमशक्ति को लिखित अनुबंधों, पर्याप्त मजदूरी और व्यापक सामाजिक सुरक्षा द्वारा समर्थित औपचारिक रोजगार में तेजी से जगह मिलनी चाहिए ताकि विकास के लाभ सभी के लिए सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण आजीविका में बदल सकें। पुराने विनियामक ढांचों के बने रहने के चलते, आंशिक रूप से, औपचारिकीकरण की गति और उद्यमों की सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण नौकरियां सृजित करने की क्षमता सीमित हो गई है। वर्ष 2019 और 2020 के बीच संसद द्वारा मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थितियों के संबंध ा में पारित चार श्रम संहिताएं 2002 में रवींद्र वर्मा की अध्यक्षता वाली द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग द्वारा परिकल्पित लंबे समय से लंबित सुधारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस श्रम आयोग का मिशन तत्कालीन मौजूदा श्रम ढांचे को संहिताबद्ध, सरल और संशोधि ात करना था। ये नई संहिताएं देश के श्रम परिदृश्य को आध ुनिक बनाने और संरचनात्मक असंतुलनों को दूर करने हेतु एक व्यापक ढांचा प्रदान करती हैं। सभी राज्यों में इनका एकसमान कार्यान्वयन अब एक बेहद जरूरी राष्ट्रीय प्राथमिकता बन गई है।

ये नई संहिताएं 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को सरल और आध ुनिक बनाती हैं। इन कानूनों में से कई बीसवीं सदी के मध्य के हैं। इन संहिताओं का उद्देश्य न केवल कानूनों का विलय करना है, बल्कि श्रमिकोंध्कर्मचारियों की विभिन्न परिभाषाओं को एक सरल परिभाषा में बदलना भी है। प्रत्येक संहिता श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण को सुदृढ़ करती है और साथ ही नियोक्ताओं के लिए स्पष्टता और पूर्वानुमेयता प्रदान करती है।

उचित मजदूरी और श्रम की गरिमा

वेतन संहिता, 2019 प्रत्येक श्रमिक को श्रम की गरिमा का सम्मान करने वाला वेतन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। सार्वभौमिक न्यूनतम वेतन और एक राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन लागू करके, यह संहिता इस बात की गारंटी देती है कि कोई भी श्रमिक, चाहे वह किसी भी पेशे या स्थान से जुड़ा हो, एक बुनियादी मानक आय से वंचित नहीं रहेगा। उद्योग की अनुसूची को समाप्त करने से सार्वभौमिक वेतन का मार्ग प्रशस्त होता है।

समय पर भुगतान के प्रावध ानों को मजबूत किया गया है। इससे देरी की वह समस्या दूर हुई है, जो पहले परिवारों को कर्ज में धकेल देती थी। अब कर्मचारी अप्रदत्त वेतन या बोनस का दावा आसानी से कर सकते हैं और ऐसे विवादों में सबूत पेश करने का भार नियोक्ता पर होता है, जिससे जवाबदेही बढ़ती है।

साथ ही, यह संहिता उद्यमों के लिए अनुपालनों को सुव्यवस्थित करती है। इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड–कीपिंग, एकल पंजीकरण एवं एकीकृत रिटर्न कागजी कार्रवाई को कम करते हैं और हेरफेर की आशंकाओं को घटाते हैं।

सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 आजाद भारत में कल्याण के सबसे समावेशी विस्तारों में से एक है। कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम और मातृत्व लाभ अधिनियम सहित नौ प्रमुख कानूनों को एकीकृत करके, यह संहिता एक ऐसी एकीकृत प्रणाली स्थापित करती है जो पारंपरिक और भविष्य के कार्य, दोनों को कवर करती है।

यह पहली बार है जब गिग श्रमिकों, प्लेटफॉर्म श्रमिकों और असंगठित क्षेत्र के लोगों को स्पष्ट रूप से राष्ट्रीय श्रमशक्ति का हिस्सा माना गया है। प्रत्येक श्रमिक को ई–श्रम पोर्टल के जरिए पंजीकृत किया जाएगा और एक विशिष्ट सामाजिक सुरक्षा संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और मातृत्व सहायता जैसे लाभों का सीधा वितरण संभव हो सकेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय व राज्य सामाजिक सुरक्षा कोष बनाए जायेंगे कि ऐप–आधारित डिलीवरी पार्टनर या निर्माण कार्यों में संलग्न मजदूर जैसे श्रमिक भी अब सुरक्षा के दायरे से बाहर न रहें और निधियों का समग्र प्रबंधन संभव हो।

इस संहिता में करियर केन्द्र, डिजिटल एवं भौतिक प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं जो व्यावसायिक मार्गदर्शन, परामर्श और रोजगार सेवाएं प्रदान करेंगे। यह संस्थागत समर्थन कल्याण को बहु–रोजगार क्षमता से जोड़ेगा, जिससे श्रमिकों को असुरक्षा की स्थिति से निकलकर अवसर की दिशा में बढने में मदद मिल सकेगी।

कार्यस्थल पर सुरक्षा, गरिमा और समानता

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां संहिता, 2020 (ओएसएच संहिता), राष्ट्र निर्माण करने वालों की देखभाल और उनके प्रति जिम्मेदारी का एक संदेश है। ष्प्रतिष्ठानष् की परिभाषा को व्यापक बनाकर, यह संहिता उन लाखों लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है जो पहले सुरक्षा कानूनों के दायरे में नहीं आते थे।

यह श्रमिकों के निरूशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच को अनिवार्य करती है और नियोक्ताओं से कर्मचारियों पर कोई वित्तीय बोझ डाले बिना सुरक्षित एवं स्वच्छ कार्यस्थल बनाए रखने की अपेक्षा करती है। राष्ट्रीय व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड का गठन बदलती औद्योगिक परिस्थितियों के अनुरूप सुरक्षा मानकों का विकास सुनिश्चित करता है।

ओएसएच संहिता लैंगिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति सुनिश्चित करती है। महिला श्रमिकों को सभी प्रतिष्ठानों और रात्रि पाली में काम करने की अनुमति है, बशर्ते पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध हों। इससे अध िाक संख्या में महिलाओं को श्रम बल में शामिल होने व बने रहने का अधिकार मिलता है। प्रवासी श्रमिकों को भी एक राष्ट्रीय पंजीकरण प्रणाली के जरिए मान्यता हासिल होती है। इससे कल्याणकारी योजनाओं और आवागमन संबंधी लाभों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित होती है और बेहतर जीवन एवं आजीविका सुनिश्चित करने हेतु कानूनी ढांचे की निगरानी संभव होती है।

कैंटीन और शौचालय जैसी सुविधाएं अब निचले पायदान तक अनिवार्य हैं और ऐसे प्रावधानों के निर्धारण के क्रम में ठेका श्रमिकों को भी शामिल किया जाता है। ये उपाय न्यूनतम अनुपालन से हटकर श्रमिकों के कल्याण के प्रति वास्तविक चिंता की दिशा में होने वाले बदलाव को दर्शाते हैं।

संवाद और औद्योगिक सद्भाव

औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच संबंधों में स्पष्टता लाती है और एक एकीकृत ढांचे के साथ तीन पुराने अधिनियमों की जगह लेती है। इसके तहत बीस या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों के लिए शिकायत निवारण समितियां स्थापित करना अनिवार्य है ताकि विवादों के हड़ताल या मुकदमेबाजी में बदल जाने से पहले ही उनका शीघ्र समाधान उद्यम स्तर पर सुनिश्चित हो जाए।

ट्रेड यूनियनों को एक समझौतावादी संघ या परिषद की अवधारणा के जरिए मान्यता हासिल होती है, जिससे सामूहिक सौदेबाजी को बल मिलता है और श्रमिकों को अपने कार्यस्थल को आकार देने में एक प्रभावी भागीदारी हासिल होती है। छंटनी का सामना कर रहे श्रमिक अब 30 दिन का नोटिस और पर्याप्त मुआवजा पाने के हकदार हैं। यह एक मानवीय सुधार है, जो आजीविका की सुरक्षा का सम्मान करता है। छंटनीग्रस्त श्रमिकों के लिए एक पुनरू कौशल निधि (रिस्किलिंग फंड) की स्थापना एक दूरदर्शी दृष्टिकोण का संकेत देती है, जो बदलती अर्थव्यवस्था में सीखने और अनुकूलनशीलता को महत्व देती है। हड़ताल के अधिकार से संबंधित प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। बंदी या तालाबंदी की आसान मंजूरी के लिए उद्योगों के लिए श्रमिकों की सीमा को बढ़ाकर 300 तक करने के प्रावधान पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

इस संहिता द्वारा औपचारिक रूप से मान्यता प्राप्त निश्चित अवधि का रोजगार, उद्योग जगत को लचीलापन प्रदान करता है

# आज का राशिफल

मेष राशि–

आज आपके मन में नए–नए विचार आयेंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्तों में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है।

वृष राशि–

आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। कर्म से ही भाग्य को भी बल मिलता है, लिहाजा आपका कर्म प्रधान होना आपको अधिक सकारात्मक बनाएगा। छात्रों को अपने पढ़ाई के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे।

मिथुन राशि

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी–छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक असर आपकी कार्यप्रणाली पर भी पड़ेगा।

कर्क राशि

आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। आज कुछ उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी इसलिए पूरी ऊर्जा के साथ अपने काम पर ध्यान देंगे। हालांकि आपकी मेहनत से परेशानी हल हो जाएंगी। घर के रख रखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी काम चल रहा है,

सिंह राशि

आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज बिजनेस में मौजूदा काम ही पूरे करेंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं सफल होंगी। मिलकर किये गए कामों में मुनाफा होने के योग है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों को करने में अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा।

कन्या राशि

घर पर रिश्तेदारों के आगमन से कुछ खास काम रुक सकते हैंआज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक व्यवस्था पर ना पडने दे। पारिवारिक अथवा सामाजिक गतिविधियों में अपने निर्णय को ही सर्वोच्च रखें ।

तुला राशि–

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आज आप अपनी पारिवारिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को बखुबी अंजाम देंगे।

वृश्चिक राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर में रिश्तेदारों की आवाजाही रहेगी, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा।

धनु राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी मामला रुका हुआ है, तो उसको हल करने का उचित दिन है।

मकर राशि–

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए जो प्रयास किए हैं,

कुंभ राशि–

आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा।

मीन राशि–

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी विशेष प्रयास कोलेकर आपको अति आत्मविश्वासी होने से बचना चाहिए। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने घर परिवार पर ना होने दें।

# राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 7 नवम्बर पर रोकथाम, शीघ्र पहचान और जन-जागरूकता पर रहेगा जोर

आजमगढ़ एन एस) जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एन. आर. वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस, जो कल 7 नवम्बर को मनाया जाएगा, के अवसर पर जनपद में जन–जागरूकता गतिविधियाँ और स्क्रीनिंग व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और शीघ्र उपचार ही इस गंभीर बीमारी से बचाव के सबसे प्रभावी उपाय हैं। सीएमओ ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद स्तर पर कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। यदि किसी मरीज में विशेष या गंभीर लक्षण पाए जाते हैं, तो उसे आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया जाता है। कैंसर स्क्रीनिंग हेतु मंडलीय जिला चिकित्सालय, आजमगढ़ में कक्ष संख्या 6 निर्धारित किया गया है, जहाँ योग्य फिजीशियन उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कैंसर रोग सरकार द्वारा चलाए जा रहे एनसीडी (गैर संचारी रोग) कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के कक्ष संख्या 12 से संचालित किया जाता है।इस अवसर पर एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ आलेन्द कुमार ने बताया कि जनपद के विभिन्न ब्लॉक स्तर पर भी कैंसर स्क्रीनिंग, परामर्श एवं जागरूकता गतिविधियाँ की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि कैंसर के प्रत्येक संभावित मरीज की जल्द पहचान कर उसे उपचार की श्रृंखला में जोड़ा जाए। डॉ. आलेन्द ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी एवं पैरामेडिकल स्टाफ नियमित रूप से एनसीडी क्लिनिक में स्क्रीनिंग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तंबाकू और गुटखा जैसे उत्पाद कैंसर के प्रमुख कारण हैं, इसलिए इनसे दूरी बनाना सबसे प्रभावी बचाव है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने जनता से अपील की कि वे तंबाकू, गुटखा और शराब से पूरी तरह दूरी बनाएं, संतुलित आहार लें तथा किसी भी असामान्य लक्षण जैसे किसी भी हिस्से में गाँठ, लगातार खाँसी आना और मुँह से खून आना, मुँह में घाव का न भरना या वजन घटना को अनदेखा न करें। उन्होंने कहा कि कैंसर का समय पर पता चलने पर इसका उपचार पूर्णतः संभव है। इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

# सुप्रीम कोर्ट ने हरैया ब्लाक प्रमुख चुनाव पर सुनाया फैसला, संदीप पटेल हुए विजयी

आजमगढ(आर एन एस) जनपद की सगड़ी तहसील अंतर्गत हरैया ब्लॉक प्रमुख का चुनाव अब पूरी तरह सुप्रीम कोर्ट के फैसले से स्पष्ट हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में संदीप पटेल को विजयी घोषित किया। यह फैसला 4 अक्टूबर को हुए मतदान की सीलबंद रिपोर्ट खोलने के बाद सुनाया गया।गौरतलब है कि हरैया ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्य वंदना द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 4 अक्टूबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फ्लोर टेस्ट कराया गया था। मतदान में कुल 54 क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने हिस्सा लिया था। मतदान की प्रक्रिया गुप्त मतदान (बैलेट पेपर) से हुई थी, जिसे जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार ने अपनी देखरेख में सम्पन्न कराया था। मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम को सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को भेज दिया गया था। हरैया ब्लॉक प्रमुख चुनाव केवल स्थानीय राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने भाजपा की आंतरिक गुटबाजी को भी उजागर कर दिया। हरैया ब्लॉक प्रमुख चुनाव से शुरू हुई यह गुटबाजी आगे मंत्री अनिल राजभर के कार्यक्रम तक जा पहुंची। कार्यक्रम के दौरान भी भाजपा के दोनों गुटों में तीखी झड़प और मारपीट की घटनाएं सामने आईं। यह घटना पार्टी नेतृत्व के लिए गहरी चिंता का विषय बन गई। इस पूरे प्रकरण ने भाजपा के अंदर चल रही गुटबाजी को खुलकर उजागर कर दिया है। एक तरफ पार्टी का एक धड़ा संगठन की एकता की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर आंतरिक मतभेद पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।हरैया ब्लॉक प्रमुख का यह चुनाव न केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का प्रतीक बन गया, बल्कि यह भाजपा के लिए आंतरिक परीक्षा की तरह साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद अब स्थिति स्पष्ट है संदीप पटेल हरैया ब्लॉक के वैधा रूप से निर्वाचित ब्लॉक प्रमुख हैं। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया ने यह भी दिखा दिया कि भाजपा को अब अपने ही संगठन के भीतर सुलह और अनुशासन की दिशा में गंभीर कदम उठाने होंगे, वरना स्थानीय स्तर पर होने वाले ऐसे विवाद पार्टी की एकजुटता को गहरी चोट पहुंचा सकते हैं।

# घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला दंपति में हुआ समझौता, आयोग सदस्य ने मिलवाया गले

आजमगढ़ (आर एन एस) राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या की अध्यक्षता में आज पुलिस लाईन आजमगढ़ के सभागार में महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 35 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें घरेलू हिंसा से सम्बन्धित प्रकरण, छेड़खानी, जमीनी विवाद, गुमशुदा, साइबर क्राइम आदि से सम्बन्धित प्रकरण प्राप्त हुए। द्वारा 08 प्रकरण का त्वरित निस्तारण किया गया, शेष 27 प्रकरण को महोदया द्वारा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।सदस्य ने समस्त पीड़ित महिलाओं को यह आश्वासन दिया कि आपको डरने की जरूरत नहीं है, आप सभी को एक सशक्त, मजबूत स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर महिला बनने की जरूरत हैं, उ०प्र० राज्य महिला आयोग आपके साथ है। घरेलू हिंसा से पीड़ित महिला जो उ०प्र० राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कि और पति पत्नी के बीच द्वारा सुलह समझौता कराया गया, पति–पत्नी दोनों को समस्त अधिकारियों के समक्ष गले मिलवाया गया और मिष्ठान खिलाकर खुशी–खुशी उनको घर भेजा गया एवं महोदया द्वारा निर्देश दिया गया कि आप अपने पत्नी के ऊपर कभी हाथ नही उठायेंगे।सदस्य ने कहा कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त समस्याओं के निस्तारण में अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं, और महिलाओं को मदद भी मिल रही है। उन्होने कहा कि कई सारे प्रकरण में सुनवाई नही हो रही थी, उसमें एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित किया जायेगा कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त मामलों के निस्तारण हेतु जो भी निर्देश अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं, उसमें ठीक प्रकार से कार्यवाही हो एवं महिलाओं को त्वरित न्याय मिले। उन्होने कहा कि हमारा यह प्रयास रहता है कि जो भी महिलाएं जन सुनवाई में आयें, उनको सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।इसके उपरान्त महोदया की अध्यक्षता में विकासखण्ड रानी की सराय में विभिन्न विभागों जैसे महिला कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने हेतु जागरूकता चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं जनमानस को अन्य विभागों से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया, जिससे ग्रामीण स्तर तक जरूरत मंद लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके।समस्त अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकरी दी गयी। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सुबोध कुमार सिंह महोदय द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर योजना के बारे में जानकारी दी गयी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेन्टर के समस्त कार्मिक उपस्थित रहें।

## जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरदार पटेल जयंती की तैयारी बैठक सम्पन्न

आजमगढ़,। जनपद के विधानसभा गोपालपुर के गोरिया बाजार में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जन्म जयंती के अवसर पर 11 नवंबर को होने वाली यात्रा,ैप्, एवं अन्य कार्यक्रम के निमित्त तैयारी बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यशस्वी जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के तहत सभी लोगों ने अपने–अपने विचारों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश राय , पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ सिंह ,पूर्व जिला महामंत्री रामपाल सिंह, तेजप्रताप सिंह ,जिला उपाध्यक्ष हरिवंश मिश्रा, हरिप्रकाश राय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश यादव, पारसनाथ यादव ,रणंजय सिंह

## विकास कार्यो में गड़बड़ी पर ग्राम प्रधान फरहत बानो पर कार्रवाई, जिलाधिकारी ने किया निलंबन

आजमगढ़ (आर एन एस) बड़हरिया की प्रधान निलंबित.करीब 11 लाख से ऊपर की रकम का नहीं दे सके ब्यौरा.जांच में पाए गए दोषी. जिलाधिकारी ने किया तत्काल प्रभाव से निलंबित,विकास खण्ड मिर्जापुर के अंतर्गत ग्राम सभा बड़हरिया के निवासी मोहम्मद ताहिर उर्फ मुन्नू खान की पत्नी श्रीमती फरहत खान वर्तमान समय में ग्राम प्रधान हैं जिनके खिलाफ गांव के ही निवासी शिकायतकर्ता मोहम्मद मेयाज खान पुत्र इसरार अहमद खान ने ग्राम प्रधान के खिलाफ लिखित शिकायत की थी. जिसकी जांच में हैंड पंप रिबोर.स्ट्रीट लाइट.ह्ययूम पाइप.टाइलीकरण.सीमेंट.बेंच आदि के नाम पर निकाले गए करीब 11 लाख से ऊपर के रुपयों का हिसाब नहीं दे पाए. जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान श्रीमती फरहत बानो को जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है ।

## पुष्पनगर में कृषि विभाग द्वारा फार्मर आई डी बनाए जाने के लिए लगा कैम्प

आजमगढ़,(आर एन एस) मार्टीनगंज तहसील क्षेत्र के पुष्पनगर गांव स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को किसानों की फार्मर आई डी बनाने के लिए राजस्व कर्मी और पंचायत विभाग के कर्मचारियों तथा जन सेवा केन्द्र संचालकों ने कैम्प कर आए हुए किसानों को बताया कि किसानों के हित में चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं का लाभ जैसे पी एम किसान का लाभ फार्मर आई डी के बिना नहीं ले पाएंगे। इसलिए जरूरी है कि किसान भाई फार्मर आई डी जन सेवा केन्द्र पर जाकर बनवा लें। इसके लिए किसान आधार कार्ड , खतौनी की छायाप्रति, आधार पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ अधिक से अधिक संख्या में किसान भाई जनसेवा केंद्र पर पहुंच कर अपनी फार्मर आई डी बनवा कर लाभ उठाएं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कमला देवी, चन्द्रकेश यादव सहायक विकास अधिकारी कृषि,अमित कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक,खुशबू सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी,गोरख नाथ यादव लेखपाल,नीलांजली पंचायत सहायक,राजीव रोजगार सेवक, फिरदौस जनसेवा केंद्र,अंकुर जनसेवा केंद्र उपस्थित थे।

# काश राजेश जैसे हो जाते सभी शिक्षक

तो हो जाता गरीब बच्चों का भी भला

आजमगढ़ (आर एन एस) शिक्षा क्षेत्र मार्टीनगंज के फुलेश स्थित कम्पोजिट विद्यालय में गुरुवार को विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब व निर्बल वर्ग के बच्चों को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश गुप्ता ने २१ बच्चों को ड्रेस दिया जिसका विवरण जिला कोषाध्यक्ष भाजपा लालगंज दिनेश जायसवाल , मंडल भाजपा अध्यक्ष दीदारगंज मनीष सिंह बंटी व भाजपा के सुभाष गुप्ता व प्रधान प्रतिनिधि विशाल राजभर के हाथों किया गया। जबकि अभी तक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विभाग की तरफ से ड्रेस नहीं आया है । ड्रेस पाकर खुशी से बच्चों के चेहरे खिल उठे।काश शिक्षक राजेश गुप्ता जैसे सभी शिक्षक हो जाते तो गरीब बच्चों का हो जाता भला ।इस अवसर पर कैलाश राम,राजेश कुमार,आतिका सदफ, अशोक कुमार गुप्ता,प्रमोद कुमार,जगदीश,शिव प्रकाश मिश्र, बृजनाथ यादव,मंजू मिश्रा, अनीता भारती,सुमन यादव,सीमा यादव आदि शिक्षक उपस्थित

# दो घण्टे तक चलता रहा तांडव , उपनिरीक्षक सहित कई पुलिसकर्मी घायल

आजमगढ़ (आर एन एस)। जनपद के थाना निजामाबाद क्षेत्र के गंधुवई बडनपुर (नट बस्ती) गांव में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे दो गुटों के बीच शुरू हुआ पथराव इतना उग्र हो गया कि पुलिसकर्मियों पर ही हमला हो गया। उपनिरीक्षक परमात्मा यादव सहित पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना में सड़क जाम रही, अफरा–तफरी मची और ग्रामीण दहशत में घर छोड़कर भागे। पुलिस ने 18 नामजद और 10–15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, उ0नि0 परमात्मा यादव मय हमराही हे0का0 लच्छीराम राजभर, का0 संजीव कुमार शर्मा, रवि कुमार मौर्या और का0 अमित यादव नंदनगर बाजार में चेकिंग कर रहे थे। तभी थाने से ग्राम गंधुवई बडनपुर तत्काल पहुंचने का निर्देश मिला। मौके पर पहुंचते ही देखा कि सड़क के दोनों ओर से लगातार पत्थर चल रहे थे। आसपास के लोग भयभीत होकर भाग रहे थे। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि गांव के कुछ लोग अवैध असलहा, ईंट–पत्थर, डंडे लेकर जान से मारने की नीयत से सड़क पर जमा थे। पुलिस ने समझाने की कोशिश की तो डायल 112 की गाड़ियां भी पहुंच गईं। लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर ही पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।नामजद आरोपियों में असलम पुत्र राजेश शेख, गोलू पुत्र राजेश शेख, आतिल पुत्र अब्बास, नौशाद पुत्र खलील, महबूब पुत्र स्व0 मुख्तार, गफ्फार पुत्र सिब्ले, अरशद पुत्र किताबू, शाहिद पुत्र स्व0 सत्तार, इसरायल पुत्र स्व0 साबस, साधू पुत्र सकूर, अनवर पुत्र हनीफ, मिस्टर पुत्र जब्बार, रहमान पुत्र दुद्ध, टिल्लू पुत्र दुधु, शाहिद पुत्र अलाऊ, जाहिद पुत्र अलाऊ, सलमान पुत्र अलाऊ, इल्ताफ पुत्र अलाऊ, अलाऊ पुत्र तकी सभी निवासी गंधुवई, बड़नपुर थाना निजामाबाद। इनके साथ 10–15 अज्ञात व्यक्ति भी शामिल थे। भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पत्थर फेंके, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कई घरों के लोग दरवाजे–खिड़कियां बंद कर छिप गए, जबकि कुछ अपने बच्चों को लेकर खेतों में भाग गए। पुलिस ने भीड़ को तितर–बितर करने की चेतावनी दी, लेकिन उपद्रवी लाठी, डंडा, सरिया, लोहे की रॉड और असलहों के साथ सड़क पर आ गए। इस दौरान थानाध्यक्ष हीरेंद्र प्रताप सिंह मय हमराही हे0का0 नरेंद्र नारायण यादव, का0 अजय जायसवाल और म0का0 आरती तिवारी भी मौके पर पहुंचे। समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ ने गाली–गलौज करते हुए फिर पत्थरबाजी की। पत्थरबाजी में उ0नि0 परमात्मा यादव, हे0का0 लच्छीराम राजभर, का0 संजीव कुमार शर्मा, रवि कुमार मौर्या, का0 अमित यादव शामिल हैं। उपद्रव सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चला, जिससे गंधुवई बड़नपुर फरिहा–कप्तानगंज लिंक मार्ग बाधित रहा। क्षेत्र में अराजकता और लोक शांति भंग हुई। ग्रामीणों की शिकायत पर थानाध्यक्ष ने उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले में पांच आरोपियों अनवर पुत्र

हनीफ उर्फ हनीब (35 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, रहमान पुत्र दुद्धु (35 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, मिस्टर पुत्र जब्बार (32 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, साधू पुत्र सकूर (55 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद, टिल्लू पुत्र दुद्धु (52 वर्ष) निवासी ग्राम गंधुवई, थाना निजामाबाद को फरिहा रेलवे फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष आजमगढ़ में होंगे रैली, सेमिनार, प्रतियोगिताएं और देशभक्तिकार्यक्रम

आजमगढ़ (आर एन एस) जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया है कि मुख्य सचिव महोदय, उ०प्र० शासन द्वारा हमारे राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 07 नवम्बर, 2025 से 07 नवम्बर, 2026 तक भव्यतापूर्ण ढंग से समारोह मनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया है कि शासन द्वारा उक्त समारोह पूरे प्रदेश में चार चरणों यथा– प्रथम चरण–दिनांक 07 से 14 नवम्बर, 2025 तक, द्वितीय चरण (गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के साथ) दिनांक 19 से 26 जनवरी 2026 तक, तृतीय चरण (हर घर तिरंगा–2026 के साथ) दिनांक 07 से 15 अगस्त, 2026 तक और चौथा चरण (समापन समारोह) – दिनांक 01 से 07 नवम्बर, 2026 तक भव्य ढंग से मनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने बेसिकध्माध्यमिकध्उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिए है कि वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के अवसर पर दिनांक 07 नवम्बर, 2025 को समस्त स्कूलोंधविद्यालयों में सामूहिक रूप से प्रातः 10.00 बजे वंदे मातरम का गायन किया जाए तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो का लाइव प्रसारण कराया जाए। साथ ही जनपद में भी भव्य आयोजन सुनिश्चित किए जाए एवं इस अवसर पर मा० मंत्रिगण, मा० सांसदगण, मा० विधायकगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को श्मुख्य अतिथिश् के रूप में आमन्त्रित किया जाए।जिलाधिकारी ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में वंदे मातरम् के राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को लेकर विशेष रूप से सेमिनार, संगोष्ठी, परिचर्चा एवं लैक्चर आदि का आयोजन किया जाए, जिसमें युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गृह विभाग द्वारा विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम शहीद स्थलोंध्स्मारकों एवं अन्य युद्धों में शहीद हुए शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारकों पर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के अवसर पर वंदे मातरम् ध्वनि का वादन पी०ए०सी०, पुलिस, स्काउट गाइड आदि के बैण्ड द्वारा किया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभागों द्वारा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में इस अवसर पर प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कराया जाए। इस हेतु अधिसूचना जारी करते हुए विद्यार्थियों को श्वंदे मातरम्श् गीत का इतिहास, अर्थ एवं इसके संदेश की विस्तृत व्याख्या की जाए। उन्होंने कहा कि बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में वंदे मातरम थीम पर आधारित देश–भक्ति की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाए। स्कूलों में रैलीध्प्रभात फेरीध्मार्च पास्ट के आयोजन सुनिश्चित किए जाएं एवं इन आयोजनों में वंदे मातरम के गान की धुन बजाई जाए तथा इसका संदेश जन–जन तक पहुँचाया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति पर आधारित रंगोली, प्रतियोगिताएं, निबन्ध लेखन प्रतियोगिताएं, काव्य पाठ प्रतियोगिताएं, वाद–विवाद प्रतियोगिताएं एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपरोक्तानुसार व्यापक जनसहभागिता से जनपद में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के सभी

## महिला आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई, 35 मामलों में 6 का तत्काल निस्तारण

आजमगढ़(आर एन एस)जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान कुल 35 शिकायतें महिलाओं द्वारा प्रस्तुत की गईं। इनमें से 6 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष 29 लंबित मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान कई गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं,जिनमें बच्चों की शिक्षा, राशन कार्ड, पारिवारिक विवाद तथा स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे प्रमुख रहे। डॉ. मौर्या ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिल सके। कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी भी दी गई।

## ट्रैक्टर के हल में फंसी बाइक, युवक की मौके पर मौत दो गंभीर घायल

आजमगढ (आर एन एस) जनपद के रौनापार थाना क्षेत्र के कादीपुर के पास बुधवार की देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर के हल से जा टकराई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रौनापार थाना क्षेत्र के सिकंदोपुर निवासी श्यामनयन यादव (26 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय छठ्ठू यादव अपने मित्र रविंद्र यादव निवासी गुर्दनपुर और प्रदीप के साथ बुधवार शाम चांदपट्टी बाजार से अंडा लेकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान कादीपुर के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर के हल में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्यामनयन यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रविंद्र और प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

रौनापार थानाध्यक्ष मंतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आजमगढ़ में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हेतु अभियान शुरू, 06 नवम्बर से 05 दिसम्बर तक चलेगा विशेष कैम्प

आजमगढ़ (आर एन एस)– जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पी0एम0 किसान योजना के लाभार्थियों सहित समस्त भूमिधारक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। दिनांक 04 नवम्बर 2025 तक जनपद में कुल 827779 किसानों के सापेक्ष 470246 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो पायी है, जो मात्र 57.45 प्रतिशत है। उपरोक्त के क्रम में पीएम–किसान के लाभार्थियों सहित समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु प्रति विकास खण्ड न्यूनतम प्रगति वाले 30 ग्राम सभाओं में संलग्न रोस्टर के अनुसार कार्मिकों की ड्यूटी लगायी जा रही है। किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु कैम्प मोड में अभियान 06 नवम्बर 2025 से 05 दिसम्बर 2025 अथवा प्रत्येक कृषक संतृप्तीकरण तक चलाया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु ग्राम पंचायत में कार्यरत कृषि, पंचायत, जनसेवा केन्द्र प्रतिनिधि आदि द्वारा संयुक्त रूप से सम्पादित कराये जाने हेतु राजस्व ग्रामवार आवंटन के अनुसार कार्यवाही के निर्देश प्रसारित किये जा रहें है।जिलाधिकारी ने बताया है कि फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु कैम्प सप्ताह के प्रत्येक दिवस प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार प्रत्येक ग्राम में आयोजित किये जायेगें। फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने हेतु स्थानीय स्तर पर विभागीय कार्मिक ग्राम प्रधानध्कृषकों को कैम्प आयोजन की तिथिध्समयध स्थान के सम्बन्ध में एक दिन पूर्व से ही जनसंवाद के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कर कैम्प में शत–प्रतिशत किसानों की प्रतिभागिता कराते हुए फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। राजस्व अभिलेखों के अनुसार उस गांव के सभी भू–मालिकों की सूची राजस्व एवं कृषि सहित अन्य विभाग के कार्मिक के मोबाइल ऐप पर प्रदर्शित होगी, जिसके अनुसार सम्बन्धित कार्मिक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करेंगे। कार्मिकों द्वारा कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के लिये सम्बन्धित ग्राम पंचायत भवन अथवा सार्वजनिक स्थल का चयन किया जाये.अभियान के दौरान ग्राम स्तर पर कृषि विभाग के क्षेत्रीय कार्मिक, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं सम्बन्धित ग्राम सचिव सहित प्रत्येक कैम्प में कम से कम पांच प्रशिक्षित कार्मिक आपसी समन्वय स्थापित कर ऐपध्पोर्टल के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री तैयार करेंगे। जनपद के ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजरध्उप जिलाधिकारी यह भी व्यवस्था करेंगे कि कामन सर्विस सेन्टर की एक मोबाइल इकाई अथवा सम्बन्धित ग्राम के आस–पास कार्यरत कामन सर्विस सेन्टर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही मौके पर ही सम्पन्न हो जाए। अभियान के सफल संचालन हेतु दिन प्रतिदिन कार्यों के अनुश्रवण एवं सूचना प्रेषण हेतु स0वि0अ0 (कृषि) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। जो अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों का निरीक्षण एवं ससमय दैनिक रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड के पर्यवेक्षक अधिकारी होगें एवं कैम्प तिथि पर भ्रमणधनिरीक्षण करेगें तथा कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेगें तथा प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायेगें।अभियान के सतत् निरीक्षण एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु समस्त उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी अपने उप संभाग हेतु पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किये जाते हैं। उप कृषि निदेशकध्मुख्य राजस्व अधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अपने पर्यवेक्षण में दिनांक 06 नवम्बर 2025 से 05 दिसम्बर 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री कार्यक्रम की मानीटरिंग करते हुए समयबद्ध कार्यक्रम का क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे एवं सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर शत–प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे।जिलाधिकारी ने उपरोक्त कार्यक्रमध्फार्मर रजिस्ट्री तैयार किये जाने हेतु संबंधित समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए निर्देशित किया है कि शासनादेश के अनुसार पीएम–किसान के लाभार्थियों सहित समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु कैम्प मोड में अभियान 06 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2025 तक चलाया जाना सुनिश्चित करें।

## दीयों की रोशनी में नहाया निजामाबाद का शिवाला घाट रंगोली प्रतियोगिता भी हुई।

आजमगढ़ ,6 नवंबर(आर एन एस) कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली के रूप में मनाते हैं।इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था।इस उपलक्ष्य में लोग दीप दान करते हैं और इसे देवताओं की दिवाली कहते हैं।देव दिवाली हिंदुओं के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है जो दिवाली की तरह महत्वपूर्ण माना जाता है। यह पर्व पूरे देश में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है।ऐसा माना जाता है कि इस पवित्र दिन पर सभी देवी देवता पृथ्वी पर आते हैं और सभी के कष्ट को दूर करते हैं।कार्तिक पूर्णिमा को स्नान और दान का विशेष महत्व है।ऐसा माना जाता है कि इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है ।

# गवर्निंग बाडी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल के विरोध में अभाविप ने किया प्रदर्शन

## आर्य कन्या डिग्री कालेज में शुल्क वसूली की वापसी को लेकर उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, प्रयाग महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में विधि पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत ₹8,000 की अतिरिक्त शुल्क वसूली, महर्षि दयानंद संस्थान के नाम पर प्रत्येक विद्यार्थी से ₹5,000 का डोनेशन तथा उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध गठित गवर्निंग बॉडी एवं उसके अध्यक्ष पंकज जायसवाल के विरोध में प्रदर्शन किया गया। ध्यातव्य हो कि अभाविप द्वारा इस विषय पर गत 30 अक्टूबर को महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसमें अवैध शुल्क वसूली को वापस लेने की मांग की गई थी।इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं आर्य कन्या डिग्री कॉलेज को छोड़कर अन्य सभी संघटक कॉलेजों में विद्यार्थियों से प्रथम वर्ष में ₹5,000 सिक्योरिटी शुल्क सहित कुल ₹50,000 फीस ली जाती है, जो द्वितीय वर्ष से ₹45,000 हो जाती है। वहीं आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्राओं से ₹53,000 पाठ्यक्रम शुल्क तथा ₹5,000 महर्षि दयानंद संस्थान को अनिवार्य रूप से डोनेशन के रूप में, कुल ₹58,000 वसूले जा रहे हैं। यही शुल्क द्वितीय वर्ष की छात्राओं से भी लिया जा रहा है। साथ ही, महाविद्यालय की गवर्निंग काउंसिल, जिसके अध्यक्ष पंकज जायसवाल हैं, उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करती है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि उक्त गवर्निंग काउंसिल अवैध है और पंकज जायसवाल द्वारा अध्यक्ष पद का अवैधानिक रूप से अधिग्रहण किया गया है। आदेशानुसार पंकज जायसवाल को महाविद्यालय प्रबंधन से तत्काल हटाने एवं किसी भी प्रशासनिक कार्य में हस्तक्षेप से रोका गया था। वर्तमान में वे अवैधानिक रूप से गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रयाग महानगर के महानगर मंत्री प्रतीक मिश्रा ने कहा कि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज द्वारा की जा रही अवैध शुल्क वसूली एवं अवैधानिक रूप से अध्यक्ष पद पर काबिज पंकज जायसवाल के विरोध में अभाविप के कार्यकर्ताओं ने पूर्व में ज्ञापन सौंपा था, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आज कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन को

चेतावनी दी है कि यदि कल तक इस विषय पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो अभाविप कार्यकर्ता आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान अभाविप महानगर सह–मंत्री अभिनव पाण्डेय, अमन शुक्ल, राहुल, अंबुज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने की जीरो पावर्टी अभियान के प्रगति की समीक्षा

## जीरो पावर्टी अभियान के तहत जनपद में चिन्हित निर्धनतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से जल्द से जल्द आच्छादित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जीरो पावर्टी (शून्य गरीबी) अभियान के प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत जनपद में चिन्हित 30,679 निर्धनतम परिवारों को सभी सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित किए जाने के निर्देश सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए असंतृप्त परिवारों को जल्द से जल्द संतृप्त किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्रीध्मुख्यमंत्री आवास योजना से अभी तक वंचित रहे 12,532 परिवारों को आवास योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आवास योजना के तहत लम्बित 26 आवेदनों का सत्यापन टीम लगाकर यथाशीघ्र कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिन्हित निर्धनतम परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने के कार्य की समीक्षा करते हुए योजना से वंचित 321 परिवारों का राशन कार्ड बनाये जाने की जानकारी लिए जाने पर बताया गया कि 321 परिवारों में से 260 पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बना दिया गया है, परंतु पोर्टल पर अपडेट नहीं हुआ है और मात्र 61 का ही अवशेष है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए शेष परिवारों के राशन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला

दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाएगा महिला आयोग- सदस्य

प्रयागराज। सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती गीता विश्वकर्मा जी के द्वारा गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, राजस्व, पुलिस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम सहित कई अन्य शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। महिला जनसुनवाई में कुल 06 प्रकरण सुनवाई के लिए आये, जिन्हें सम्बंधित विभागो को प्रेषित करते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तातरण सुनिश्चित करने के लिए कहा है। मा0 सदस्य ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि थानों में आने वाले छोटे प्रकरणों का थाने स्तर पर ही निस्तारण करना सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ित महिलाओं को कोर्ट के चक्कर न लगाना पड़े। सदस्या ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गम्भीरताध्संवेदना के साथ उसकी शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।इस अवसर पर एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री सर्वजीत सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले आरोपी को पुलिस ने दबोचा

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाए जाने को अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना मऊ पुलिस टीम ने कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर जमीन रजिस्ट्री कराने के आरोपी को गिरतार किया है। बताया गया कि प्रयागराज जिले के अमरोहा निवासी इम्तियाज अहमद सिद्दिकी पुत्र इश्तियाक अहमद ने थाना मऊ में सूचना दी कि वह अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री मैहर मप्र मे जनरल मैनेजर प्रोडेक्शन के पद पर कार्यरत है। ग्राम कल्चिहा तहसील मऊ मे भूमि अपनी माँ के नाम क्रय किया था। उनकी मृत्यु के बाद उनके जायज वारिश इतेखार अहमद, इम्तियाज अहमद सिद्दिकी, इन्तिजार अहमद व शाहिन परवीन पत्नी स्व इरफान अहमद के नाम वरासत हुआ। जिसमे 27 दिसम्बर 2024 को भूमि का चौथाई भाग उनका है। जिसको क्रेता चन्द्रजीत यादव पुत्र मोहनलाल यादव निवासी दौलतपुर छिवैया थाना झुंसी जनपद प्रयागराज व गवाह जयप्रकाश मिश्र पुत्र स्व लोदई उर्फ इन्द्रजीत मिश्र निवासी असवां आसवान थाना रामपुर जनपद जौनपुर, अनिल कुमार निषाद पुत्र पवन कुमार निषाद निवासी मऊ, गुलाब यादव पुत्र अज्ञात निवासी बाराखास जनपद प्रयागराज व गजेन्द्र गिरी पुत्र अज्ञात व्यक्ति को इम्तियाज अहमद सिद्दिकी बनाकर व इम्तियाज अहमद सिद्दिकी के नाम का कूटरचित दस्तावेज आधार कार्ड तैयार कराकर चन्द्रजीत यादव पुत्र मोहनलाल यादव के नाम रजिस्ट्री करा दिया। इस सूचना पर थाना मऊ में मुकदमा पंजी.त किया गया। एसआई वंश नारायण सिंह ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर गजेन्द्र गिरी पुत्र राजेश गिरी निवासी हिन्दुपुरा करछना प्रयागराज को ग्राम छिवलहा संकटमोचन ढाबा के पास से गिरतार किया है।

मत्स्य अंगुलिकाएं छोड़ते विधायक व अन्य अधिकारी।

## यमुना नदी में छोड़ी गई दो लाख मत्स्य अंगुलिकाएं

चित्रकूट। तहसील मऊ के अन्तर्गत महिला घाट यमुना पुल के नीचे यमुना नदी में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत रिवर रैचिंग कार्यक्रम में उच्च गुणवत्ता युक्त भारतीय मेजर कार्प (रोहू, कतला एवं नैन) 80 से 100 एमएम साइज का 2 लाख मत्स्य अंगुलिकाएं संचय किये गये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जयप्रकाश पांडेय निवर्तमान ब्लाक प्रमुख मऊ, प्रेमचन्द्र निषाद जिलाध्यक्ष निषाद पार्टी, पारुल सिंह नायब तहसीलदार मऊ के साथ विभागीय अधिकारी भानु चन्द्रा सहायक निदेशक मत्स्य आदि मौजूद रहे।

# फर्म, चिट्स के लेखाकार समेत दो कर्मचारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

## स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के रिन्युअल के लिए मांगे 75000, एंटी करप्शन ने दबोचा

प्रयागराज। शिवकुटी थाना क्षेत्र में सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स कार्यालय के लेखाकार समेत दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है। एंटी करप्शन की प्रयागराज इकाई ने दोनों को 75,000 लेते गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञान भारती मूला देवी एम.एस. जूनियर हाईस्कूल बिंदकी, फतेहपुर के प्रबंधक रतिपाल सिंह ने आरोप लगाया था कि विद्यालय की कमेटी के नवीनीकरण के लिए कार्यालय के लेखाकार राग विराग की ओर से 75,000 की रिश्वत मांगी गई थी। इस शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन प्रयागराज ने जांच शुरू की। शिकायत के सत्यापन के बाद गुरुवार 6 नवंबर 2025 को टीम ने जाल बिछाया। दोपहर 1रू19 बजे सहायक रजिस्ट्रार कार्यालय में राग विराग के कहने पर संविदाकर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर विजय राज सिंह ने शिकायतकर्ता से ₹75,000 की रिश्वत ली। उसी दौरान ट्रैप टीम ने दोनों को साक्षियों और टीम सदस्यों की मौजूदगी में रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को याना शिवकुटी कमिश्नरेट प्रयागराज लाकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में रागविराग, पुत्र स्व. गिरजाकांत त्रिपाठी, निवासी निराला निवास, बक्शी खुर्द, थाना दारागंज, प्रयागराज लेखाकार, सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एंड चिट्स प्रयागराज एवं विजय राज सिंह, पुत्र बनवारी लाल, निवासी कुवाड़ीह, थाना सरायइनायत, प्रयागराज संविदाकर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। कार्यालय में अचानक हुई इस कार्रवाई से अफसरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। एन्टी करप्शन टीम ने पूरी कार्रवाई वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ अंजाम दी, ताकि रिश्वतखोरी के पुख्ता सबूत अदालत में पेश किए जा सकें। ट्रैप टीम के जांबाज अधिकारीकार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अलाउद्दीन अंसारी के नेतृत्व में हुई। टीम में निरीक्षक रविन्द्र सिंह, अंजली यादव, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह व अन्य शामिल रहे।

## हमारी संस्कृति ही हमारी विरासत है- महापौर

प्रयागराज। कार्तिक महोत्सव दीपदान एवं समापन समारोह काली घाट कीडगंज में आयोजित किया गया इस अवसर पर दीपदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी में दीपदान करते हुए मां यमुना जी की आरती की।उन्होंने कहा की कार्तिक महोत्सव सनातन धर्म को जागृत करने का उत्सव है। इस महोत्सव में धनतेरस, हनुमान जयंती, दीपावली, अन्नकूट, देवोत्थान एकादशी से लेकर देव दीपावली तक का आयोजन भारतीय संस्कृति की एक ऐसी विरासत है जो सबका कल्याण उत्सव को एकता के सूत्र में जोड़ती है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी विरासत है जो हम सभी को भक्त और भगवान और राष्ट्र के कल्याण से जोड़ती है। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि हमें अपनी विरासत अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने में कार्तिक महोत्सव का सबसे बड़ा योगदान है। इस अवसर उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र के कलाकारों के द्वारा शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महापौर ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के सयोंजक हेमंत पांडे चिंटू रहे। संचालन अंकुश शर्मा ने किया। इस अवसर नगर निगम के जोनल अधिकारी संजय मोगई भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, ब्यूटी श्रीवास्तव, पार्षद रूद्र सेन जायसवाल, पार्षद सारिका अग्रवाल, पूर्व पार्षद आनंद अग्रवाल, गिरिजेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, अजय अग्रहरि, आयुष अग्रहरि, संस्कार सिन्हा, अजय अग्रहरि आदि भाजपा कार्यकर्ता रहे।

## कम्पोजिट विद्यालय पहुंच डीएम ने परखी भोजन व शिक्षा गुणवत्ता

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कसहाई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। विद्यालय में कुल 14 अध्यापक कार्यरत है। जिसमें छह अध्यापक मौके पर उपस्थित रहे। आठ अध्यापक संकुल रैली में कुछ बच्चों सहित जाना बताया गया। विद्यालय में कुल पांच रसोईयां तैनात हैं। 175 छात्र, छात्राएं प्राथमिक विद्यालय तथा 190 छात्र छात्राएं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पंजी.त हैं। बच्चों को एमडीएम का वितरण किया जा रहा था जो मीनू के अनुसार पाया गया। जिसमें अरहर की दाल लौकी मिक्स एवं रोटी बनाई गई थी। जिलाधिकारी द्वारा बच्चों के साथ एमडीएम खाकर देखा गया। जिसकी गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। विद्यालय में बने हुए शौचालय साफ सुथरे नहीं थे। जिस पर निर्देश दिए कि शौचालय को साफ सुथरा कराया जाए। इस मौके पर उपस्थित ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत कसहाई में मात्र एक सफाई कर्मी तैनात है। जिसके कारण सफाई कराए जाने में असुविधा होती है। निर्देश दिए गए कि ग्राम में पर्याप्त सफाई कर्मी की नियमानुसार तैनाती की जाए। छात्र छात्राओं से पठन पाठन के बारे में जानकारी की जो संतोषजनक पाई गई। अध्यापको को निर्देश दिये गये कि ससमय विद्यालय पहुंच कर पठन पाठन सुचारू रूप से कराया जाये। विद्यालय में समुचित साफ सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। इस दौरान सदर एसडीएम पूजा साहू, तहसीलदार कर्वी चन्द्रकांत तिवारी मौजूद रहे।

# निरीक्षण करते एसडीएम फूलचंद यादव व नपं अध्यक्ष संजीव मिश्रा।

राजापुर (चित्रकूट)। कस्बे के मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से सब्जी की दुकान लगाकर रास्ता जाम करने वाले व्यापारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए अभियान चलाया। उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने संयुक्त रूप से मुख्य मार्ग पर निरीक्षण कर कहा कि कार्तिक पूर्णिमा से अगहन पूर्णिमा तक होने वाले संकट मोचन हनुमान मंदिर मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क पर सब्जी एवं अन्य सामान रखाकर अतिक्रमण करने वालों की वजह से श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए कस्बे की मुख्य सड़क में किसी भी व्यापारी को सब्जी की दुकान लगाने की इजाजत नहीं दी जाएगी और न ही किसी प्रकार का सामान सड़क पर रखने की अनुमति है।

गुरुवार को कस्बा स्थित नवीन सब्जी मंडी में एसडीएम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापक साफ–सफाई अभियान चलाया गया जहां कूड़े व गंदगी को हटाकर मंडी को व्यवस्थित किया गया। इस दौरान सभासद शंकर दयाल जायसवाल, मंगल पांडेय, भाजपा नेता सुरेश जायसवाल उपस्थित रहे और उन्होंने भी व्यापारियों से अपील किया कि वह प्रशासन का सहयोग करते हुए निर्धारित मंडी स्थल में ही दुकान आवंटन कराकर सब्जी का व्यापार करें, क्योंकि सड़क पर अतिक्रमण से आम नागरिकों के साथ श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। अधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यापारी अवैध रूप से सड़क पर सब्जी की दुकान लगाकर आवागमन बाधित करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि भक्तों की सुविधा सर्वोपरि है और किसी भी कीमत पर श्रद्धालुओं को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि नवीन सब्जी मंडी का निर्माण इसलिए कराया गया ताकि कस्बे की मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति न बने और व्यवस्थित व्यापार चले। प्रशासन ने नागरिकों व व्यापारियों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि नगर को स्वच्छ, व्यवस्थित और जाम मुक्त बनाने के लिए सभी को जिम्मेदार बनना पड़ेगा। तभी कस्बे की छवि बदलेगी और मेला व्यवस्था सुचारू व सफल होगी। प्रशासन ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## मण्डलायुक्त ने माघ मेला की तैयारियों के सम्बंध में की बैठक

सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप सभी तैयारियां सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश

प्रयागराज। मण्डलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को कैम्प कार्यालय में माघ मेला–2026 के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों की प्रगति के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखते हुए उसके अनुरूप तैयारियां किए जाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विभाग का किसी कार्य के लिए कोई टेण्डर शेष रह गया हो, तो उसको शीघ्रता से पूर्ण कराते हुए कार्य को समय से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्लूडी, विद्युत, सिंचाई, स्वास्थ्य, जल निगम तथा मेला प्राधिकरण के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मण्डलायुक्त ने लेटे हनुमानजी मंदिर के आस–पास में प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिया है। इस अवसर पर माघ मेला अधिकारीध प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ऋषिराज, उपजिलाधिकारी विवेक शुक्ला सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में हुआ साइबर जागरुकता कार्यक्रम

चित्रकूट। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह अक्टूबर के दृष्टिगत जनपद के साइबर थाना टीम ने गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कर्वी में साइबर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना रीता सिंह ने टीम के साथ गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। जागरुकता कार्यक्रम के तहत सभी आमजन को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जानकारी दी गयी। बताया गया कि .अकाउंट विवरण व एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, सीवीवी, ओटीवी नम्बर, एसएमएस किसी को न बताये। एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करे व किसी अनजान व्यक्ति की मदद न लें। फेसबुक, व्हाट्सएप पर व्यक्तिगत जानकारी न शेयर करें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केबीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपना बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें।

## दम्पति के बीच सुलह करा रिश्ते को टूटने से बचाया

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में थानाध्यक्ष महिला थाना नीलम देवी व उनकी टीम ने आपसी पारिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया है। कोतवाली कर्वी के भुइहरी गांव की सुनीता पुत्री छोटेलाल ने थानाध्यक्ष महिला थाना के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि पति रामकिशोर मारपीट कर गालीगलौज करते हैं। इस पर थानाध्यक्ष ने टीम के साथ शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें महिला थाना बुलाया। दोनों पक्षों को समझाया गया। सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बैठाकर एवं पारिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गई।

# आगामी लोक अदालत को लेकर जिला जज ने की बैठक

## -लोक अदालत में निस्तारित कराएं अधिकाधिक वाद : जिला जज




चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि शुक्ला की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक सम्पन्न हुयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ने आगामी 13 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138, एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व, चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई–चालान, लघु आपराधिक वादों, श्रम वाद, प्री–लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अपने–अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें। बैठक में राममणि पाठक अपर जिला जज नोडल अधिकारी लोक अदालत, नीरज श्रीवास्तव अपर जिला जज सहायक लोक अदालत नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, अजय कुमार नोडल अधिकारी प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी, राजकमल क्षेत्राधिकारी राजापुर, विनय कुमार पांडेय जिला पूर्ति अधिकारी, रामसुधार राम तहसीलदार मऊ, सौरभ यादव उपजिलाधिकारी कर्वी, प्रगति गुप्ता जिला प्रोबेशन अधिकारी, यामीन अहमद क्षेत्राधिकारी, दयाशंकर वर्मा तहसीलदार मानिकपुर, डा एके पटेल अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, राममिलन सहायक विकास अधिकारी खादी ग्रामोद्योग मौजूद रहे।

## सरोजनी नायडू मार्ग के स्ट्रीट वेंडरो ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

प्रयागराज। आजाद स्ट्रीट वेंडर वेलफेयर यूनियन, हाकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले नगर निगम कार्यालय पर प्रधानमंत्री का बोर्ड लिए जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यवाहक नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव ने प्रदर्शन कर रहे फुटपाथ दुकानदारो से ज्ञापन लिया।

प्रदेश महामंत्री रवि शंकर द्विवेदी ने ज्ञापन पढते हुये बताया पथ विक्रेता कानून 2014 में स्ट्रीट वेंडरो की आजीविका संरक्षण वेंडिंग जोन के निमार्ण का प्रावधान है। फुटपाथ भू माफियाओ के इशारे पर नगर निगम के कुछ अधिकारी 22–12–2018 व 3– 10–2020 व 2024 की टाऊन वेंडिंग कमेटी द्वारा पारित वेंडिंग जोन स्थल पर अर्बन बाजार का टेंडर निकाल दिया जो ष्पथ विक्रेता कानून 2014ष का सीधा सीधा उलंघन है।

निर्माणाधीन मॉडल वेंडिंग जोन के सन्दर्भ में तत्कालीन नगर आयुक्त ने चायनित वेंडिंग का कार्य प्रारम्भ ना कराने पर सम्बंधित अधिकारियों को पत्र भी जारी किया था।

ज्ञापन देने पहुंचे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के लाभार्थियों और फुटपाथ दुकानदारों ने मांग की कि सरोजनी नायडू मार्ग वेंडिंग जोन स्थल पर अर्बन बाजार का जो टेंडर जारी किया गया उसे तत्काल निरस्त किया जाए।

इस दौरान अनिल मिश्रा, शहजादे, अरविंद मिश्रा, प्रेमचंद केसरवानी, रितेश श्रीवास्तव, दीपक सोनकर, सुधाकर सिंह, शीतला पांडे, रवि, विनोद, जगदीश, यार मोहम्मद, प्रेम केसरवानी सहित सैकड़ो दुकानदार मौजूद रहे।

# पूर्व क्रिकेटरों और बीसीबी अधिकारियों पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप



बांग्लादेश की अनुभवी पेसर जहांआरा आलम ने पूर्व क्रिकेट अधिकारियों और ठब्ठ सदस्यों पर यौन उत्पीड़न तथा करियर बाधित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने मंजुरुल इस्लाम और दिवंगत तौहीद महमूद सहित कई अधिकारियों द्वारा गलत प्रस्ताव देने का खुलासा करते हुए बांग्लादेश क्रिकेट में बड़े विवाद को जन्म दिया है, जिस पर बोर्ड की भूमिका सवालों के घेरे में है।6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना हैबवासीर खत्म करने वाला मिल गया! इसे खाली पेट पियें! बांग्लादेश की अनुभवी तेज गेंदबाज जहांआरा आलम ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम प्रबंधन के पूर्व सदस्यों पर सेक्शुअल हैरेसमेंट और गलत प्रस्ताव देने का गंभीर आरोप लगाया है। जहांआरा फिलहाल मेंटल हेल्थ ब्रेक पर हैं।रियासत अजीम यूट्यूब चौनल पर गुरुवार को दिए एक इंटरव्यू में जहांआरा ने ये आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि उन्हें कई बार गलत प्रपोजल का सामना करना पड़ा।क्रिकबज के मुताबिक, जहांआरा ने आरोप लगाया कि पूर्व पेस बॉलर और विमेंस टीम के सिलेक्टर–मैनेजर मंजुरुल इस्लाम ने उनके गलत प्रपोजल को ठुकराने के कारण उन्हें टीम में आगे नहीं बढ़ने दिया।उन्होंने बताया कि 2022 विमेंस व्क्प वर्ल्ड कप के दौरान उन्हें नेशनल टीम मैनेजमेंट से गलत प्रपोजल मिले थे। उन्होंने बताया कि जब बात आपकी रोजी–रोटी की हो... तो आप चाहकर भी कई चीजें नहीं कह सकते या विरोध नहीं कर सकते।जहांआरा ने आरोप लगाया कि दिवंगत तौहीद महमूद ने भी बीसीबी (ठब्ठ) के कर्मचारी सरफराज बाबू (कोऑर्डिनेटर) के जरिए उनसे एक गलत प्रस्ताव के साथ संपर्क किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला कमिटी के पूर्व हेड नादेल चौधरी मंजुरुल के हैरेसमेंट को रोकने में नाकाम रहे, जबकि बीसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव निजामुद्दीन चौधरी ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया।करीब डेढ़ साल बाद, उन्होंने ब्म्ब् को एक 'ऑब्जर्वेशन लेटर' दिया, जिसमें सब कुछ बताया गया था। आलम ने दावा किया कि तौहीद महमूद ने बाबू के जरिए संपर्क किया और श्तौहीद सर का ध्यान रखनेश को कहा, जिसे उन्होंने जानबूझकर न समझने का नाटक किया।न्यूजीलैंड में हुई घटना का जिक्रजहांआरा ने न्यूजीलैंड में प्री–कैंप के दौरान मंजुरुल इस्लाम द्वारा किए गए एक आपत्तिजनक व्यवहार को भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, श्वह मेरे पास आया, मेरा हाथ पकड़ा, अपना हाथ मेरे कंधे पर रखा... और पूछा, 'तुम्हारा पीरियड कितने दिन का है?'... जब मैंने कहा, 'पांच दिन,' तो उसने जवाब दिया, 'पांच दिन? यह कल खत्म हो जाना चाहिए था। जब तुम्हारा पीरियड खत्म हो जाए, तो मुझे बताना, मुझे भी अपनी साइड का ध्यान रखना है।' मैंने जानबूझकर प्रपोजल को न समझने का नाटक किया। उन्होंने यह भी बताया कि मंजुरुल को खिलाड़ियों को श्गले लगाने और उनके कानों के पास बात करनेश की आदत थी, जिससे खिलाड़ी घबराते थे। क्रिकबज के अनुसार, जहांआरा द्वारा लगाए गए आरोपों पर मंजुरुल इस्लाम और सरफराज बाबू ने सख्त खंडन किया है। पूर्व सिलेक्टर और मैनेजर मंजुरुल इस्लाम ने कहा, श्मैं इसे बेबुनियाद कहने के अलावा और क्या कह सकता हूं।

आप दूसरे क्रिकेटरों से पूछ सकते हैं कि मैं अच्छा था या बुरा।श कोऑर्डिनेटर सरफराज बाबू ने कहा, श्यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह एक मरे हुए आदमी को घसीट रही है, मैं बस चाहता हूं कि वह बेबुनियाद आरोप लगाने के बजाय सबूत पेश करे।

# क्विंटन डी काक ने गिब्स का रिकार्ड तोड़ा, शानदार शतक से दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया



क्विंटन डी कॉक ने नाबाद 123 रन की शानदार पारी खेलकर हर्शल गिब्स का वनडे शतक रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिससे वह दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उनकी उत्कृष्ट बल्लेबाजी ने प्रोटियाज को पाकिस्तान पर 8 विकेट से जीत दिलाने में मदद की और तीन मैचों की श्रृंखला को 1–1 से बराबर कर दिया। क्विंटन डी कॉक, जो अपनी चतुर तकनीक के लिए जाने जाते हैं, वनडे में दक्षिण अफ्रीका के लिए तीसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए, जब उनकी बल्लेबाजी की उत्कृष्ट कृति ने प्रोटियाज को दूसरे मैच में फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में पाकिस्तान पर 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई और श्रृंखला 1–1 से बराबर कर दी। तेजतर्रार बाएं हाथ के बल्लेबाज ने नाबाद 123 (119) की पारी खेली, जो कि भाग्य से भरपूर थी, जिससे पाकिस्तान को दूसरे वनडे में 270 रनों के मामूली लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिली। एक और शानदार प्रदर्शन के साथ, डी कॉक के शतकों की संख्या 22 हो गई, जिससे उन्होंने हर्शल गिब्स के 21 वनडे शतकों को पीछे छोड़ दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए, डी कॉक को एक अभूतपूर्व जीवनदान मिला जब उन्होंने गेंद को फ्लिक करने का प्रयास किया लेकिन गेंद सीधे मोहम्मद नवाज के पास पहुंच गई, जिन्होंने गेंद को दोनों हाथों से पकड़ लिया लेकिन गेंद को बाहर निकलने दिया। उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सैम अयूब की गेंद पर 80 मीटर का छक्का जड़ दिया। अगले ओवर में, उन्होंने मोहम्मद वसीम जूनियर को एक और ऊंची 77 मीटर की छक्का जड़कर परेशान किया।लुआन–ड्रे प्रीटोरियस के 46(40) रन पर आउट होने के साथ 81 रनों की शुरुआती साझेदारी समाप्त होने के बाद, डी कॉक ने टोनी डी जोरजी के साथ 153 रनों की साझेदारी की, जो पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। फहीम अशरफ द्वारा डीप मिड–विकेट पर मौका गंवाने के बाद टोनी डी जोरजी को भी जीवनदान मिला। अंततः वह सैम अयूब की गेंद पर अशरफ को कैच दे बैठे और 76(63) रन बनाकर पवेलियन लौटे। क्विंटन डी कॉक नाबाद रहे और उन्होंने 59 गेंद शेष रहते 270 रन का पीछा पूरा किया, कार्यवाहक कप्तान मैथ्यू ब्रीट्जके ने 21 गेंदों पर 17' रन बनाकर दूसरे छोर पर उनका साथ दिया। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका की दमदार गेंदबाज जोड़ी, नांद्रे बर्गर (4ध्46) और नकाबा पीटर (3ध्55) ने पाकिस्तान के शीर्ष क्रम पर कहर बरपाया और पाँच ओवरों में ही उनका स्कोर 22ध्3 कर दिया। बर्गर की तेज गेंदबाजी ने फखघ्र जमान, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के विकेट झटक लिए, जिससे पाकिस्तान के शुरुआती रन बनाने के मौके काफी कम हो गए। सैम अयूब के 53 और सलमान अली आगा के 69 रनों की बदौलत पाकिस्तान का मध्यक्रम गति पकड़ने के लिए जूझता रहा, दोनों का स्ट्राइक रेट 90 से कम रहा। मोहम्मद नवाज ने महत्वपूर्ण प्रतिरोध किया और आगा के साथ अंत में हुई साझेदारी में दो छक्कों सहित अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 59 रन की पारी खेली, जिससे पाकिस्तान 269ध्9 के मामूली स्कोर तक पहुँच सका।

# भारत ने अश्स्ट्रेलिया को 48 रन से हराकर सीरीज में 2-1 की दमदार बढ़त बनाई।



भारत ने क्वींसलैंड के करारा ओवल में चौथे ज्20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पाँच मैचों की सीरीज में 2–1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। शुभमन गिल के 46 रनों और अक्षर पटेल (21 रन, 2 विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर भारत ने 167 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया 119 पर सिमट गई। यह जीत भारतीय क्रिकेट टीम के शानदार प्रदर्शन और सीरीज जीतने की प्रबल दावेदारी को दर्शाती है।क्वींसलैंड के करारा ओवल में खेले गए चौथे ज्20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने पाँच मैचों की टी20 सीरीज में 2–1 की बढ़त बना ली है, जबकि अब सिर्फ एक मैच बाकी है।पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 167ध्8 का स्कोर खड़ा किया। शुभमन गिल ने शानदार 46 रनों की पारी खेली। वहीं, अक्षर पटेल (11 गेंदों पर 21 रन) और शिवम दुबे (नाबाद 22) ने पारी के अंत में बेहतरीन पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी तेजतर्रार 10 गेंदों में 20 रन बनाए।गेंदबाजी में अक्षर, दुबे और सुंदर का कमाल167 रनों का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम 18.2 ओवर में 119 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया के आखिरी सात विकेट सिर्फ 28 रनों के भीतर गिरे। अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने 2–2 विकेट झटके, जबकि वॉशिंगटन सुंदर ने 3 विकेट हासिल किए। जसप्रीत बुमराह भी शानदार रहे और उन्होंने 1 विकेट लेकर रन रोकने में बड़ी भूमिका निभाई।कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आज गेंदबाजी बदलाव, फील्ड सजावट और डीआरएस के इस्तेमाल में भी बेहतरीन निर्णय लिए। उनका नेतृत्व आज स्पष्ट रूप से देखने को मिला।इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहे अक्षर पटेल ने 21 रनों की तेज पारी खेलने के साथ–साथ 2 विकेट भी चटकाए।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 167ध्8 रन बनाए, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 119 रन पर ढेर हो गई। अब सीरीज का आखिरी और निर्णायक मुकाबला 8 नवंबर को खेला जाएगा, जहां भारत सीरीज पर कब्जा जमाने की कोशिश करेगा। अगला मैच सीरीज का पाँचवाँ और आखिरी ज्20 मैच 8 नवंबर को खेला जाएगा। टीम इंडिया इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

# जीत का जश्न विश्व कप विजेता महिला टीम ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात, हरमनप्रीत ने सौंपी जर्सी

ऐतिहासिक विश्व कप जीत के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों से भारतीय महिला क्रिकेट इतिहास का एक ऐतिहासिक पल माना जा रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू ने टीम की इस




मुलाकात की। इन मुलाकातों में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जीत का उत्साह साझा किया, वहीं पीएम मोदी ने टीम से 'फिट इंडिया' आंदोलन को बढ़ावा देने और खासकर लड़कियों में फिटनेस को प्रेरित करने का आग्रह किया।6 दिनों में ही रक्तवाहिकाएँ 18 साल की उम्र जैसी हो जाएँगी! बस रोज सुबह खाली पेट यह करना हैयह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती है टूटे, टेढ़े, ढीले दांत!भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की है। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को टीम की तरफ से एक जर्सी भेंट की, जिस पर सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं।बता दें कि भारतीय टीम ने बीते रविवार को नवी मुंबई में खेले गए 50 ओवरों के विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। गौरतलब है कि यह जीत ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम किया है। राष्ट्रपति ने ग पर लिखा, "टीम इंडिया के ये सदस्य अलग–अलग क्षेत्रों, सामाजिक पृष्ठभूमियोंऔर परिस्थितियों से आते हैं, लेकिन सभी एक टीम कृ भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।"इस मुलाकात के दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने विश्व कप ट्रॉफी भी राष्ट्रपति को दिखाई है। टीम इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिली थी। प्रधानमंत्री संग हुई इस मुलाकात में कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बताया कि 2017 में जब वे उपविजेता बनकर लौटी थीं, तब भी पीएम मोदी से मुलाकात हुई थी। वहीं इस बार वे गर्व के साथ विजेता बनकर लौटी हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पीएम के नेतृत्व की सराहना की, जबकि दीप्ति शर्मा ने उनके प्रेरणादायक शब्दों को याद किया। पीएम मोदी ने टीम से 'फिट इंडिया' आंदोलन को आगे बढ़ाने और खासकर लड़कियों में फिटनेस को बढ़ावा देने की अपील की है।

# भारत ने आस्ट्रेलिया को रौंदा, टी20 सीरीज में 2-1 की लीडय गेंदबाजों का कमाल




भारत ने चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2–1 की अहम बढ़त बना ली है। बल्लेबाजों के संघर्ष के बावजूद, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे भारतीय गेंदबाजों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम को यह महत्वपूर्ण जीत दिलाई, जो सीरीज में भारतीय टीम की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।भारत ने कैनबरा के कैरारा ओवल में खेले गए चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रनों से हराकर पाँच मैचों की सीरीज में 2–1 की बढ़त बना ली। बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण रही इस रात में, सूर्यकुमार यादव की टीम को गेंदबाजों ने मजबूती से संभाला, जिसमें वाशिंगटन सुंदर ने तीन अहम विकेट लेकर मेहमान टीम को आसान जीत दिलाई। इससे पहले भारत का बल्लेबाजी क्रम गुरुवार को कैरारा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 167ध्8 का स्कोर बनाने के बाद लय हासिल करने के लिए संघर्ष करता दिखा। ऑलराभारत ने अंतिम छह ओवरों में 46 रन बनाए और इस दौरान छह विकेट गंवाए। टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरुआत उतनी तेज नहीं रही जितनी कि वे करते आए हैं क्योंकि शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अपने पहले छह ओवरों में 49 रन बनाए। शर्मा ने एडम जम्पा की गेंद पर आउट होने से पहले 21 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। तीसरे नंबर पर प्रमोट किए गए शिवम दुबे ने 18 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन का योगदान दिया, लेकिन नाथन एलिस की गेंद पर बोल्ड हो गए।कप्तान सूर्यकुमार यादव 10 गेंदों पर 20 रन बनाकर खतरनाक दिख रहे थे, लेकिन सस्ते में आउट हो गए, जबकि तिलक वर्मा (5) और जितेश शर्मा (3) भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। वाशिंगटन सुंदर ने 7 गेंदों पर 12 रन जोड़े और फिर एलिस का तीसरा शिकार बने। अक्षर पटेल ने अंत में जरूरी पारी खेली और 11 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 21 रन बनाकर भारत का स्कोर 167ध्8 तक पहुँचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस ने 21 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जबकि एडम जम्पा ने भी 45 रन देकर 3 विकेट चटकाकर प्रभावित किया। जेवियर बार्टलेट और मार्कस स्टोइनिस ने एक–एक विकेट लिया।168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही और मिशेल मार्श और मैथ्यू शॉर्ट ने पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। हालाँकि, शॉर्ट के आउट होते ही पारी बिखर गई। अक्षर पटेल ने लगातार दो विकेट झटके, जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई। मार्श ने ऑस्ट्रेलिया को मुकाबले में बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन शिवम दुबे ने उन्हें और बाद में टिम डेविड को आउट कर दिया, जिससे लक्ष्य और भी मुश्किल हो गया। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने मोर्चा संभाला और तीन विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी क्रम को संभलने का मौका नहीं दिया। अंततः मेजबान टीम हार गई और भारत ने 48 रनों से शानदार जीत दर्ज की। हालाँकि इस नतीजे से भारत को सीरीज में2–1 की बढ़त और अच्छी लय मिल गई है, फिर भी टीम कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेगी। सबसे खघस है गिल का बीच के ओवरों में रन बनाने का औसत, जो भारत के आक्रामक टी20 रवैये को जारी रखने के लिए अहम साबित हो सकता है।

# चेटजीपीटी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का संगीन आरोप, ओपन एआई के खिलाफ 7 मुकदमेय 4 मौतों से जुड़ा मामला

वाशिंगटन। कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी ओपनएआई एक बड़े कानूनी संकट में घिर गई है। कंपनी के लोकप्रिय चौटबॉट पर लोगों को आत्महत्या के लिए उकसाने और उनमें भ्रम की स्थिति पैदा करने का आरोप लगाते हुए सात अलग–अलग मुकदमे दायर किए गए हैं।गुरुवार को कैलिफोर्निया की अदालतों में दायर इन मुकदमों में कंपनी पर गलत कारण से मौत , आत्महत्या के लिए उकसाना, अनजाने में हत्याऔर लापरवाही बरतने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं।यह मुकदमा छह वयस्कों और एक किशोर (के परिवार) की ओर से दायर किया गया है। मुकदमों में कहा गया है कि ओपनएआई ने जानबूझकर अपने नए मॉडल त्रक्कञ्ज–4श को समय से पहले जारी किया। आरोप है कि ऐसा तब किया गया जब कंपनी के भीतर ही यह चेतावनी दी गई थी कि यह मॉडल खतरनाक रूप से चापलूसी करने वाला और मनोवैज्ञानिक रूप से भ्रमित करने वाला है।मुकदमों के अनुसार, चार पीडिघ्तों की मौत आत्महत्या से हुई, जिनके बारे में दावा किया गया है कि उन्हें पहले से कोई ज्ञात मानसिक समस्या नहीं थी।सैन फ्रांसिस्को सुपीरियर कोर्ट में दायर एक मुकदमे के अनुसार, 17 वर्षीय अमाउरी लेसी ने मदद पाने के लिए चौटजीपीटी का इस्तेमाल करना शुरू किया था। लेकिन आरोप है कि मदद करने के बजाय, चौटजीपीटी ने लेसी में लत और डिप्रेशन पैदा कर दिया।मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि चौटबॉट ने लेसी को यह सलाह दी कि फांसी का फंदा कैसे बांधा जाए और वह कितनी देर तक बिना सांस लिए जीवित रह पाएगा। याचिका में कहा गया है, 'अमाउरी की मौत न तो कोई दुर्घटना थी और न ही कोई संयोग, बल्कि यह ओपनएआई और सैमुअल ऑल्टमैन के सुरक्षा परीक्षण में कटौती करने और चौटजीपीटी को जल्दबाजी में बाजार में लॉन्च करने के फैसले का परिणाम थी।'कनाडा के ओंटारियो में रहने वाले 48 वर्षीय एलन ब्रूक्स द्वारा दायर एक अन्य मुकदमे में दावा किया गया है कि दो साल से ज्यादा समय तक ष्टद्धड्डह्लत्रक्कञ्ज उनके लिए एक रिसोर्स टूल के रूप में काम करता रहा। लेकिन फिर, बिना किसी चेतावनी के, चौटजीपीटी का व्यवहार बदल गया। उसने ब्रूक्स की कमजोरियों का फायदा उठाया और उन्हें भ्रम का अनुभव कराया, जिसके परिणामस्वरूप ब्रूक्स मानसिक समस्याओं से घिर गए और उन्हें आर्थिक व भावनात्मक नुकसान हुआ। पीडितों की तरफ से मुकदमा दायर करने वाली लॉ फर्म 'सोशल मीडिया विक्टिम्स लॉ सेंटर'

के अटॉर्नी मैथ्यू पी बर्गमैन ने कहा कि जीपीटी–4ओ को टूल और साथी के बीच की लाइन को धुंधला करने के लिए डिजाइन किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसे यूजर्स को भावनात्मक रूप से फंसाने के लिए डिजाइन किया गया, लेकिन लोगों को बचाने के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों के बिना ही इसे रिलीज कर दिया गया।ओपनएआई ने अभी तक इन मुकदमों को लेकर कोई आधिकारिक जवाब नहीं दिया है।

# ईडी ने आम लोगों को दी चेतावनी, 7 साल तक की जेल के अलावा संपत्ति भी हो सकती है कुर्क, जानें क्यों

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम नागरिकों को चेताया है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए में शामिल होने, उसका प्रचार करने या इसमें निवेश करने से बचें। एजेंसी ने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ न सिर्फ भारी आर्थिक नुकसान की वजह बनती हैं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य गैर–कानूनी कामों को बढ़ावा देती हैंय उल्लंघन की स्थिति में गिरफ्घ्तारी, जाँच, बैंक खातों पर रोक और संपत्ति कुर्क जैसी कड़ी कार्रवाई हो सकती है।ईडी ने देश के आम लोगों को ऑनलाइन सट्टेबाजी या जुए के प्रचार या निवेश से दूर रहने की सलाह दी है। ईडी ने कहा है कि गैर–कानूनी सट्टेबाजी और जुआ न सिर्फ आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य गैर–कानूनी गतिविधियों को भी बढ़ावा देते हैं।ईडी ने आम लोगों को दी सलाह में क्या कहा है अपने बैंक खाते, डेबिट कार्ड, क्कद्ढ द्ढष्ठ या वॉलेट किसी और को इस्तेमाल करने न दें। सोशल मीडिया पर मिलने वाले हाई रिटर्न या पैसिव इनकम वाले लिंक पर क्लिक न करें।

# सरकारी बैंकों का होने जा रहा है मर्जर, निर्मला सीतारमण ने दिए बड़े संकेत

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि बैंकों को अपने ग्राहक आधार को बढ़ाने के लिए टेक्नोलॉजी के साथ पर्सन–टू–पर्सन कांटेक्ट पर भी फोकस करने की भी आवश्यकता है। साथ ही, ग्राहकों की सुविधा के लिए स्थानीय भाषा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि सरकार देश के बैंकिंग क्षेत्र में नई दौर की एकीकरण और विस्तार प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में काम कर रही है। सीतारमण ने कहा, 'भारत को बहुत सारे बड़े बैंक चाहिए, विश्वस्तरीय बैंक चाहिए। इसके लिए हमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया और बैंकों के साथ बैठकर चर्चा करनी होगी कि वे इसे आगे कैसे ले जाना चाहते हैंज् इस पर काम पहले ही शुरू हो चुका है।' वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार और आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र के अगले चरण को आकार देने के लिए विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें मौजूदा बैंकों का विलय और नए वित्तीय संस्थानों का गठन भी शामिल है। उनका कहना था कि भारत की बैंकिंग व्यवस्था को और अधिक गतिशील बनाना होगा ताकि यह बढ़ती क्रेडिट मांग और इंफ्रा फाइनेंसिंग की जरूरतों के अनुरूप काम कर सके। सीतारमण ने कहा, 'हमें ऐसा इकोसिस्टम और माहौल बनाना होगा, जिसमें अधिक बैंक काम कर सकें और बढ़ सकें।' बता दें कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने कई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एकीकरण किया है, ताकि कार्यक्षमता और पैमाना बेहतर हो सके। उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले सुधार केवल विलय तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि इससे आगे भी जा सकते हैं। भारत ने अब तक दो बड़ी मर्जर की लहरें देखी हैं। 2017 में, भारतीय स्टेट बैंक (स्क्चद्ढ) ने अपने सहयोगी बैंकों का विलय किया। इसके बाद 2019 में, 10 सरकारी बैंकों को मिलाकर चार बड़े बैंक बनाए गए। इन कदमों के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 से घटकर अब 12 रह गई है। हाल ही में 27 अक्टूबर को रूद्बठ्ठह्ल की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार एक नया ब्लूप्रिंट तैयार कर रही है ताकि चुनिंदा सार्वजनिक बैंकों का पुनरूविलय किया जा सके और उनके संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सके।ढ्ढ पर 'सॉफ्ट टच' नीति प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बात करते हुए

# एलन मस्क के 1 ट्रिलियन डालर के भारी-भरकम पैकेज को मंजूरी, खुशी से नाचे सीईओय रोबोट ने भी दिया साथ

ऑस्टिन । इलेक्ट्रिक गाडियां बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने अपने ष्टश्वह्र एलन मस्क के लिए एक ऐतिहासिक और भारी–भरकम वेतन पैकेज को मंजूरी दे दी है। यह पैकेज 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। इस खबर के बाद मस्क की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और वह टेक्सास में टेस्ला की वार्षिक आम बैठक में अपनी कंपनी के ह्यूमनॉइड रोबोट 'ऑप्टिमस' के साथ ब्रेक डांस करते नजर आए।नए सैलरी पैकेज को मंजूरी मिलने की घोषणा के कुछ ही देर बाद, एलन मस्क ने मंच पर कदम रखा और अपने सिग्नेचर डांस मूव्स शुरू कर दिए। मंच पर मौजूद दो रोबोट ने भी उनके मूव्स की नकल की।मस्क ने इस मौके पर शेयरहोल्डर्स की भीड़ से कहा, दूसरे शेयरहोल्डर्स की बैठकें एकदम बोरिंग होती हैं, लेकिन हमारी बैठकें धमाकेदार होती हैं। इसे देखें दृ यह तो कातिलाना है। इसके बाद मस्क ने अपने बगल में मौजूद ह्यूमनॉइड की ओर इशारा करते हुए घोषणा की कि टेस्ला न केवल कारों में, बल्कि रोबोटिक्स और ढ्ढ में एक नए युग में प्रवेश कर रहा है।यह जश्न इस बात का भी प्रतीक है कि टेस्ला का भविष्य ऑप्टिमस रोबोट से कितनी गहराई से जुड़ा हुआ है। मस्क के अनुसार, ये रोबोट न सिर्फ एक दिन मैन्युफैक्चरिंग करेंगे बल्कि डिलीवरी और यहां तक कि पर्सनल असिस्टेंट के तौर पर भी काम करेंगे।न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला के एक अधिकारी ने कंपनी की वार्षिक बैठक में बताया कि एलन मस्क के लिए इस वेतन पैकेज को 75 प्रतिशत से अधिक शेयरहोल्डर्स का समर्थन मिला है।यह भारी–भरकम पैकेज यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है ताकि एलन मस्क टेस्ला को छोडकर नहीं जाएं और कंपनी के लीडर के रूप में काम करते रहें। कंपनी एलन मस्क के रूप में अपना लीडर नहीं खोना चाहती, क्योंकि वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स पर महत्वपूर्ण तकनीक को आगे बढ़ा रहे हैं।इस पैकेज का

लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मस्क टेस्ला में कम से कम साढ़े सात साल तक बने रहें। जब सितंबर में पैकेज पेश किया गया था, तब टेस्ला में मस्क की हिस्सेदारी लगभग 12 प्रतिशत थी, जो अब बढकर संभावित रूप से 25 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी।

# 120 बहादुर ट्रेलर आउट, मेजर शैतान सिंह के किरदार में चीनी दुश्मनों से लोहा लेते दिखें फरहान अख्तर

अभिनेता फरहान अख्तर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 120 बहादुर का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। 2 मिनट 39 सेंकड के ट्रेलर में चीनी सैनिकों के खिलाफ 120 बहादुर भारतीय जवान सीना तानकर लड़ते नजर आए हैं। फिल्म में फरहान को मेजर शैतान सिंह भाटी के किरदार में देखा जाएगा। भारतीय सैनिकों के शौर्य और जंग के दौरान दिखाए गए सीन रोंगटे खड़े करने वाले हैं। 120 बहादुर का निर्देशन रजनीश रेजी घई ने किया है, जबकि अमित चंद्रा निर्माता हैं। निर्माताओं ने 120 बहादुर का ट्रेलर जारी करते हुए लिखा, एक सच्ची कहानी पर आधारित, जिसने हमारे देश के इतिहास को आकार दिया, 120 बहादुर– ट्रेलर अब रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत अमिताभ बच्चन की आवाज से होती है, जो भारत और चीन के 1962 में हुए युद्ध का जिक्र करते हैं। फरहान



के अलावा, ट्रेलर में राशि खन्ना और एजाज खान भी दिखे हैं। बता दें कि 120 बहादुर 21 नवंबर को रिलीज होने को तैयार है। 120 बहादुर में फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, जिन्होंने 1962 के जंग के दौरान अपने सैनिकों का नेतृत्व किया था. जबकि राशि खन्ना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं. यह फिल्म लद्दाख में फिल्माई गई है. रजनीश राजी घई की निर्देशित और रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर (एक्सेल एंटरटेनमेंट) की निर्मित 120 बहादुर 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली है.।

## रहस्यमयी हवेली, काली बिल्ली और मिथ, चेतावनी के साथ अरबाज की काल त्रिघोरी का टीजर रिलीजय मिलेगा हारर का डोज

इन दिनों सिनेमाघरों में मैडॉक की हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा लगी है। अब इसको टक्कर देने के लिए इसी महीने रिलीज हो रही है काल त्रिघोरी, जो एक सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है। अरबाज खान, ऋतुपर्णा सेनगुप्ता, महेश मांजरेकर और आदित्य श्रीवास्तव अभिनीत इस फिल्म की



रिलीज से पहले आज सोमवार को टीजर जारी किया गया है, जो काफी धमाकेदार है। फिल्म का टीजर पेन मूवीज के यूट्यूब चौनल से साझा किया गया है। शुरुआत में चेतावनी है, अच्छे अनुभव के लिए हेडफोन का इस्तेमाल करें। इसके के बाद का सीन सिहरन पैदा करने वाला है। बैकग्राउंड से भूतिया आवाज आती है। एक रहस्यमयी हवेली पर बिजली कडकती है। इस हवेली पर काल मंडरा रहा है। इसके अंदर एक अजीब डरावनी गुडिया है। इसके बाद एक काली बिल्ली नजर आती है, जो आत्माओं को देख सकती है। इस हवेली के अंदर जांच के लिए पहुंचे लोगों को अजीबो–गरीब रहस्यों का पता चलता है। डरावनी गुडिया को न छूने की नसीहत दी जाती है और काली बिल्ली रक्षक बन सकती है। कुल मिलाकर एक अलग ही डरावनी दुनिया है। फिल्म के निर्देशन की कमान नितिन वैद्य ने संभाली है। उन्होंने ही इसे लिखा है। वहीं, शिरीष वैद्य, नितिन घटालिया और मानसुख तलसानिया ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। फिल्म के जरिए दर्शकों को सस्पेंस, हॉरर और थ्रिलर का डोज मिलेगा। फिलहाल टीजर पर दर्शकों के सकारात्मक रिएक्शन आ रहे हैं। साथ ही अरबाज खान की वापसी पर भी उत्साहित दिख रहे हैं।

## ‘शौंकी सरदार’ के बाद अब निमृत कौर अहलूवालिया की ओटीटी पर एंट्री, शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग

अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया ने हाल ही में अपनी पहली पंजाबी फिल्म ‘शौंकी सरदार’ के अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी चुनिंदा हैं। पंजाबी फिल्म से डेब्यू करने के बाद वह कुछ समय से ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रही थीं जो कहानी



जरिए बड़े पर्दे पर कदम रखा। वे अब डिजिटल दुनिया में उतरने की तैयारी कर रही हैं। वह जल्द ही एक हिंदी वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिससे उनका ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू होगा। यह निमृत के करियर का एक नया मोड़ माना जा रहा है, क्योंकि वह अब छोटे पर्दे और म्यूजिक वीडियो के बाद डिजिटल स्पेस में अपनी जगह बनाने जा रही हैं।निमृत और किरदार दोनों के लिहाज से मजबूत हो। सूत्र ने आगे बताया कि निमृत को ऐसा कुछ करना था जिससे वह अलग–अलग तरह के किरदार निभाने की क्षमता दर्शा सकें। इसीलिए उन्होंने एक ऐसी वेब सीरीज चुनी है जो पूरी तरह अभिनय पर आधारित है।सूत्र ने जानकारी दी कि अभिनेत्री ने इस वेब सीरीज की शूटिंग पिछले महीने मुंबई में शुरू कर दी थी, जो अभी भी जारी है। मेकर्स ने कहानी और उनके रोल को लेकर पूरी गोपनीयता बनाए रखी है, लेकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि कहानी निमृत के किरदार के इर्द–गिर्द घूमेगी और उनके अभिनय की नई झलक पेश करेगी। बताया जा रहा है कि यह सीरीज रियल–लाइफ ड्रामा होगी, जिसमें रहस्य और सस्पेंस का भी तडका होगा। मेकर्स का कहना है कि फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं करना चाहते, लेकिन यह वेब सीरीज निमृत की ओटीटी दुनिया में शानदार एंट्री साबित हो सकती है।

उनके फैंस भी लंबे समय से उन्हें किसी नए रूप में देखने के लिए उत्साहित हैं और यह सीरीज उनके करियर में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

# दुलकर सलमान की ‘कांथा’ का ट्रेलर रिलीज, दिखेगी एक्टर-डायरेक्टर के बीच टकराव की कहानी

राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस स्पिरिट मीडिया द्वारा निर्मित फिल्म ‘कांथा’ का ट्रेलर रिलीज किया गया है। ‘कांथा’ दुलकर सलमान की एक मच अवेटेड पीरियड ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर को तमिल और तेलुगु में रिलीज किया गया है। दोनों ही जगह ट्रेलर को अलग–अलग शख्सियतों ने लॉन्च किया है।दुलकर सलमान ने एक्स पर ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा, ‘यह एक ऐसी दुनिया है, जिसमें हमने अपना दिल लगा दिया है। आशा है कि यह आपको अपनी ओर खींच लेगी।’कांथा में एक हॉरर फिल्म शांता के बनने की कहानी को दिखाया गया है। ट्रेलर की शुरुआत निर्देशक अय्या जिसकी भूमिका में समुथिरकानी हैं और फिल्म के एक्टर नट चक्रवर्ती टीके महादेव (दुलकर सलमान) के बीच के संघर्ष से होती है। इन एक्टर–डायरेक्टर के बीच ईगो क्लैश देखने को मिलता है। भाग्यश्री बोरसे के किरदार का नाम कुमारी है, जो शांता की हीरोइन है। शांता मॉडर्न पिक्चर्स की नई हॉरर फिल्म है। कुछ ऐसा होता है कि फिल्म का हीरो अपने ईगो और क्रिएटिव डिफरेंस के चलते फिल्म की कमान अपने हाथ में ले लेता है। हालांकि, फिल्म की हीरोइन, निर्देशक अय्या के प्रति वफादार है। इसके चलते समुथिरकानी



और दुलकर के किरदारों में टकराव बढ़ जाता है। फिल्म में राणा दग्गुबाती ने एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है। ‘कांथा’ के तेलुगू ट्रेलर को प्रभास ने जारी किया है और तमिल वर्जन को सिलंबरासन टी.आर. द्वारा जारी किया गया है। सेल्वामनी सेल्वराज द्वारा निर्देशित ‘कांथा’ को राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। ‘कांथा’ 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अर्जुन, ऐश्वर्या राजेश-स्टारर थैयावर कुलई नाडुंगा की रिलीज डेट से उठा पर्दा, 21 नवंबर को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

निर्देशक दिनेश लेचुमनन की बहुप्रतीक्षित खोजी थ्रिलर थियावर कुलाई नाडुंगा, जिसमें अभिनेता अर्जुन और ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, इस साल 21 नवंबर को दुनिया भर में रिलीज होगी।गौरतलब है कि कुछ समय पहले फिल्म यूनिट द्वारा जारी किए गए एक टीजर ने प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों में भारी दिलचस्पी जगाई थी।इस क्राइम इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के टीजर में कई तनावपूर्ण दृश्य दिखाए गए थे और इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता बढ़ा दी थी।इस अपराध थ्रिलर के केन्द्र में एक गहन नैतिक सिद्धांत निहित है – कि कानून को न्याय द्वारा और न्याय को धर्म द्वारा पराजित किया जा सकता है, लेकिन अंत में, विजयी हमेशा धर्म ही होता है।टीजर की शुरुआत अर्जुन को यह एहसास दिलाती है कि जावा नाम के एक मशहूर लेखक द्वारा लिखी गई एक काल्पनिक कहानी गैर–काल्पनिक लगती है। जल्द ही, हम अर्जुन को ऐसे घटनाक्रमों की पड़ताल करते हुए देखते हैं जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए बाध्य हैं। टीजर से पता चलता है कि अर्जुन एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। हालाँकि यह स्पष्ट नहीं है कि ऐश्वर्या राजेश फिल्म में क्या भूमिका निभाएंगी, लेकिन हमें यह समझ आ जाता है कि उनका किरदार कथानक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूछताछ, रहस्य और अचानक तीव्रता के दृश्यों से बुना यह टीजर यह आभास देता है कि यह फिल्म एक रोमांचक थ्रिलर होगी।अर्जुन और ऐश्वर्या राजेश अभिनीत इस फिल्म में बिग बॉस फेम अभिरामी, रामकुमार, जी.



के. रेड्डी, पी.एल. थेनाप्पन, लोगू, लेखक–अभिनेता वेला राममूर्ति, थंगादुरई, फ्रैंकस्टर राहुल और ओ. ए. के. सुंदर जैसे कलाकार भी हैं।फिल्म की छायांकन सरवनन अभिमन्यु ने किया है और संगीत आशिवगन ने दिया है। लॉरेंस किशोर ने इस खोजी थ्रिलर का संपादन किया है, जबकि कला विभाग का नेतृत्व अरुण शंकर ने किया है। यह फिल्म तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में एक साथ रिलीज होगी।

# एपिक के बाद अब एनिमेटेड वर्जन में आगे बढ़ेगी ‘बाहुबली’ की कहानी, रिलीज हुआ बाहुबली द इटरनल वार का टीजर

प्रभास की ‘बाहुबली’ फिल्म को दर्शकों ने बहुत पसंद किया। हाल ही में इसके दोनों भागों को मिलाकर ‘बाहुबली द एपिक’ के नाम से रिलीज किया गया, जो सिनेमाघरों में अच्छी कमाई कर रही है। अब ‘बाहुबली’ की दुनिया में एक नया अध्याय जुडने जा रहा है। निर्माताओं ने ‘बाहुबली द इटरनल वॉर’ नाम की एक एनिमेटेड फिल्म का टीजर रिलीज किया, जो इस फ्रैंचाइजी की कहानी को एनिमेशन के जरिए आगे बढ़ाएगा।इस एनिमेटेड फिल्म को ईशान शुक्ला ने बनाया है, जो ‘स्टार वासर्रु विजन्स’ और ‘द बैंडिट्स ऑफ गोलक’ जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए जाने जाते हैं। टीजर में ‘बाहुबली’ की मूल कहानी की झलक दिखाई गई है, जो इंद्रा और बाहुबली के बीच की कहानी को आगे बढ़ाती है। टीजर से लगता है कि यह फिल्म बाहुबली की शिव भक्ति पर आधारित होगी और इसमें ब्रह्मांड से जुड़े नए तत्व भी दिखाए जाएंगे। यह



फिल्म ‘बाहुबली’ सीरीज का पहला एनिमेटेड हिस्सा है।‘बाहुबली – द इटरनल वॉर’ की कहानी ‘बाहुबली द बिगिनिंग’ और ‘द कन्क्लूजन’ से अलग समय और नजरिए पर आधारित है। यह अमरेंद्र बाहुबली की विरासत को नए तरीके से दिखाएगी। यह एक 3डी एनिमेटेड फिल्म है। राजामौली ने एनिमेशन डायरेक्टर ईशान शुक्ला के साथ मिलकर इस कहानी को अनोखे अंदाज में पेश किया है।राजामौली ने खुलासा किया कि इस फिल्म का बजट 120 करोड़ रुपये है, जिसे बनाने में ढाई साल लगे। प्रभास भी इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हैं। 2 मिनट 27 सेकंड के टीजर में शानदार एनिमेशन देखने को मिला। यह भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे महंगी एनिमेटेड फिल्मों में से एक है।

## कैटरीना कैफ और विक्की कौशल बने माता-पिता, बेटे के जन्म पर बोले- खुशियों की सौगात आई

बॉलीवुड के लोकप्रिय जोड़े विक्की कौशल और कैटरीना कैफ एक बेटे के माता–पिता बन गए हैं। इस जोड़े ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर ष्हमारी खुशियों की सौगात आ गईष संदेश के साथ अपने पहले बच्चे के जन्म की घोषणा की, जिससे उनके लाखों प्रशंसक खुशी से झूम उठे। यह सुखद समाचार उनकी दिसंबर 2021 की शादी के बाद आया है, जिसे अब एक नए अध्याय का मोड़ मिल गया है। बवासीर खध्त्म करने वाला मिल गया! इसे खाली पेट पियें! बॉलीवुड अभिनेता कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत की है क्योंकि वे एक नन्हे मेहमान के माता–पिता बन गए हैं। इस जोड़े ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा की और अपने नन्हे मेहमान के आगमन की घोषणा की। शुक्रवार को, इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के जरिए अपने नन्हे मेहमान के आगमन की घोषणा की।

## बाक्स आफिस पर द ताज स्टोरी के आगे नतमस्तक हुआ बाहुबली, कमाई में मिला करारा झटका

एसएस राजामौली और प्रभास की फिल्म बाहुबली द एपिक की बॉक्स ऑफिस पर उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सिर्फ 6 दिनों के अंदर ही फिल्म की कमाई ने दम तोडना शुरू कर दिया है। दूसरी तरफ, परेश रावल की द ताज स्टोरी का संघर्ष भी जारी है। दोनों फिल्मों को 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और अब परेश की फिल्म ने बाहुबली को करारी मात दे डाली है। आइए देखें दोनों फिल्मों की ताजा कमाई।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास अभिनीत फिल्म बाहुबली द एपिक ने पहले दिन 9.65 करोड़ रुपये से खाता खोला था। इसके बाद से फिल्म का संघर्ष जारी है। रिलीज के 6वें दिन इसने बॉक्स ऑफिस पर कुल 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यह फिल्म का सबसे कम कारोबार है। कुल मिलाकर अब तक फिल्म ने कुल 29.65 करोड़ रुपये बटोर लिए हैं। बता दें कि बाहुबली और बाहुबली 2 को मिलाकर बाहुबली द एपिक बनाई गई है।ताजमहल के डीएनए पर सवाल उठाने वाली फिल्म द ताज स्टोरी भी 31 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 5वें दिन 1.35 करोड़ कमाए थे, लेकिन 6वें दिन उछाल के साथ इसने 1.60 करोड़ रुपये का कारोबार कर डाला है। फिल्म की कुल कमाई 10.10 करोड़ रुपये हुई है, लेकिन छठे दिन के हिसाब से द ताज स्टोरी ने प्रभास की बाहुबली द एपिक (1.50 करोड़) को झटका दिया है।

# एक्ट्रेस रकुल प्रीत का शार्ट ड्रेस में दिखा दिलकश अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हॉट लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह आज इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।इन तस्वीरों में रकुल प्रीत शॉर्ट ड्रेस में स्टाइलिस लुक में नजर आ रही हैं। रकुल ने लेटेस्ट लुक में शानदार पोज दिए।एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।उनकी इन फोटोज को देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। रकुल प्रीत सिंह का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। इस लुक के साथ रकुल ने कैप्शन में लिखा आयशा का मंडे मोटिवेशन। रकुल ने आगे लिखा नीले रंग की जगह गुलाबी रंग अपनाएं। रकुल फिल्म दे दे प्यार दे 2 में नजर आएंगी। फिल्म



दे दे प्यार दे 2 इस साल 14 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।